RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 156 • 27:09:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

# पीएम मोदी ने दिया कार्यकर्ताओं को गुरुमंत्र, जो पोलिंग बूथ जीतता है, वहीं चुनाव जीतता

एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमो एप के द्वारा गुरुवार को हरियाणा के बीजेपी कार्यकर्ताओं से बातचीत की। हरियाणा में विधानसभा के चुनाव होने हैं। भाजपा सत्ता बचाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रही है। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हरियाणा के कार्यकर्ताओं की पुरानी पीढ़ी हो या नई पीढ़ी, उनकी मेहनत और परिश्रम ने मुझे हमेशा प्रेरित किया है। इतना ही नहीं, उनका हंसमुख स्वभाव, गंभीर से गंभीर मामले को भी बेहद समझदारी से, तर्क और विनोदी लहजे में हल्के-फुल्के अंदाज में पेश करने की क्षमता...यह हरियाणा से ही सीखा जा सकता है। पीएम मोदी ने कहा कि जो पोलिंग बूथ जीतता है, वहीं चुनाव जीतता है। यह पूरा आधार उन लोगों का झूठ है जो हमारे खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हरियाणा की जनता ने भाजपा को फिर से सेवा करने का मौका देने का मन बना लिया है। उन्हें खुशी है कि 10 साल में बिना भ्रष्टाचार के सरकार चलाना, ये हरियाणा में पहली बार हुआ है। प्रदेश के युवाओं को बिना पर्ची, बिना खर्ची के रोजगार मिलना, ये हरियाणा में पहली बार हुआ है। इस कारण हरियाणा की जनता हमारे साथ है, उनका आशीर्वाद हमारे साथ है, विजय निश्चित है। पीएम मोदी ने कहा कि आज कल आप देख रहे हैं, कांग्रेस के लाउडस्पीकर जो बड़े-बड़े दावे कर रहे थे, उनका करंट भी कमजोर हो चुका है। कोई कह रहा है कि कांग्रेस हर दिन कमजोर होती जा रही है और पिछले 10 साल में कांग्रेस विपक्ष के रूप में भी विफल साबित हुई है। कांग्रेस पर हमला जारी रख उन्होंने कहा कि उनका ज्यादातर समय गुटबाजी में, लड़ाई करने में, एक दूसरे का हिसाब चुकता करने में खप रहा है। जो पार्टी 10 साल तक जनता के विषयों से अलिप्त रही हो, जो अपने परिवार के लिए जी हो या अपने गुट के लिए जी हो... उन लोग हरियाणा की जनता का विश्वास कभी नहीं जीत सकते हैं। पीएम ने कहा कि जो हमारे खिलाफ चुनाव के मैदान में हैं, उनका पूरा का पूरा आधार झूठ का है। लगातार झूठ बोलो, बार-बार झूठ बोलो, जहां जाओ झूठ बोलो, बिना सिर पैर की बातें करो।

## नरेंद्र मोदी की एक मुहिम से गुजरात के हर एक स्कूल में पहुंचा था 'शतरंज'

**नई दिल्ली**। मोदी आर्काइव नाम के एक्स अकाउंट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुछ पुरानी तस्वीरों को शेयर किया गया है। इन तस्वीरों में पीएम मोदी शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद के साथ चेस खेलते हुए दिखाई दे रहे हैं। ये तस्वीर उस समय की है, जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। मोदी आर्काइव ने फोटो शेयर करते हुए पीएम मोदी के एक बयान का जिक्र किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, शतरंज एक ऐसा खेल है, जो जीवन के सौ दुखों को दूर कर सकता है।उन्होंने लिखा, नरेंद्र मोदी शतरंज खेलने के अपने शौक के लिए जाने जाते हैं, जिसके बारे में उनका मानना है कि इससे तनाव दूर होता है और जीवन में नई दिशा मिलती है। साल 2009 में जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने अहमदाबाद जिले के स्कूलों में शतरंज को अनिवार्य विषय बनाया था। इसके बाद उन्होंने आगामी वर्षों में पूरे राज्य में इस पहल को लागू करने का इरादा रखा। नतीजा यह हुआ कि शतरंज को गुजरात के हाई स्कूलों में इसे एक विषय के रूप में शामिल किया गया।मोदी आर्काइव ने शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद के साथ तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा, विश्वनाथन आनंद ने इस भव्य शतरंज खेल महोत्सव में हिस्सा लिया। उन्होंने गुजरात में शतरंज के खेल को लोकप्रिय बनाने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बताया कि साल 2012 में स्वामी विवेकानंद की 150वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान तत्कालीन सीएम मोदी ने 'स्वामी विवेकानंद महिला शतरंज महोत्सव' का भी आयोजन किया। गांधीनगर के महात्मा मंदिर में आयोजित हुए इस टूर्नामेंट में गुजरात की 3,500 से अधिक महिला शतरंज खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

## विधवा को मेकअप की क्या जरूरत, पटना हाईकोर्ट की टिप्पणी पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली



एक मामले की सुनवाई के दौरान पटना हाईकोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि विधवा महिला को मेकअप करने की क्या जरुरत। फिर यही मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, जहां हाईकोर्ट की प्रश्नावाली को देखा गया। उच्चतम न्यायालय ने मेकअप सामग्री और एक विधवा के बारे में एक हाईकोर्ट द्वारा की गई टिप्पणी को अत्याधिक आपत्तिजनक करार दिया। न्यायालय 1985 के हत्या के एक मामले में पटना उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर अपीलों पर विचार कर रहा था, जिसमें एक महिला का कथित तौर पर उसके पिता के घर पर कब्जा करने के लिए अपहरण कर लिया गया था और बाद में उसकी हत्या कर दी गई थी। उच्च न्यायालय ने मामले में पांच लोगों की दोषसिद्धि को बरकरार रखा था और दो अन्य सह-आरोपियों को बरी करने के फैसले को खारिज कर दिया था। न्यायालय ने दोनों व्यक्तियों को दोषी ठहराया था और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी, जिन्हें पहले एक निचली अदालत ने सभी आरोपों से बरी कर दिया था।न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि जांच अधिकारी ने घर का निरीक्षण किया था और कुछ मेकअप सामग्री को छोड़कर कोई प्रत्यक्ष सामग्री नहीं जुटाई जा सकी, जिससे पता चले कि महिला वास्तव में वहां रह रही थी। बेशक, एक अन्य महिला, जो विधवा थी, वह भी घर के उसी हिस्से में रह रही थी।। उच्च न्यायालय ने इस तथ्य पर ध्यान दिया था, लेकिन यह कहते हुए इसे टाल दिया कि चूंकि दूसरी महिला विधवा थी, इसलिए श्रृंगार(मेकअप) का सामान उसका नहीं हो सकता था, क्योंकि विधवा होने के कारण उसे श्रृंगार करने की कोई आवश्यकता नहीं थी। अपने फैसले में कहा, हमारे विचार में, उच्च न्यायालय की टिप्पणी न केवल कानूनी रूप से असमर्थनीय है, बल्कि अत्यधिक आपत्तिजनक भी है। इस प्रकार की व्यापक टिप्पणी कानून की अदालत से अपेक्षित संवेदनशीलता और तटस्थता के अनुरूप नहीं है, विशेष रूप से तब जब रिकॉर्ड पर मौजूद किसी साक्ष्य से ऐसा साबित न हो।पीठ ने कहा कि पूरे घर में मृतक के कपड़े और चप्पल जैसी कोई भी निजी वस्तु नहीं मिली। पीठ ने कहा कि पीड़िता की अगस्त 1985 में मुंगेर जिले में मृत्यु हो गई थी और उसके रिश्तेदार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसे सात लोगों ने उनके घर से अगवा कर लिया था। पीठ ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज की गई और बाद में सात आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में बनेगा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का नया हाईटेक कार्यालय



**नई दिल्ली**। दिल्ली अर्बन आर्ट्स कमीशन (दिल्ली शहरी कला आयोग) ने सेंट्रल दिल्ली के झंडेवालान इलाके में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नए कार्यालय के निर्माण को पूरा करने की मंजूरी दे दी है। अब इसके उद्घाटन का रास्ता साफ हो गया है। बीते 1 अगस्त की बैठक में आयोग ने दस्तावेजों की कमी का हवाला देकर एनओसी के आवेदन को खारिज कर दिया था। आधिकारिक दस्तावेज के मुताबिक, डीयूएसी ने 29 अगस्त को बैठक में आरएसएस के नए कार्यालय को सर्टिफिकेट देने का फैसला लिया। केशव कुंज में संघ कार्यालय के लिए दो 12 मंजिला टावरों को एनओसी दे दी गई है। इन इमारतों में मीटिंग रूम, कॉन्फ्रेंस हॉल और लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बता दें कि आरएसएस अगले साल अपनी स्थापना के 100 साल पूरे करने जा रहा है। 29 अगस्त की बैठक में इमारतों को पूरा करने के लिए ऑनलाइन प्राप्त एनओसी के प्रस्ताव की डॉक्यूमेंटेशन, ड्राइंग, फोटोग्राफ आदि के साथ जांच की गई थी। कॉम्प्लेक्स की ड्राइंग और फोटो सहित डॉक्यूमेंटेशन के आधार पर, बिल्डिंग को पूरा करने के लिए एनओसी का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया है।

### कैलिफोर्निया में मंदिर पर हमला, लिखे नफरती संदेश- हिंदुओं वापस जाओ...



**वाशिंगटन**। कैलिफोर्निया में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर को हिंदू विरोधी मैसेज लिखे गए। अमेरिका में आठ दिनों के अंदर यह दूसरी ऐसी घटना है। बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स ने कहा कि सैक्रामेंटो में उनके मंदिर पर हिंदुओं वापस जाओ मैसेज लिखा गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में बीएपीएस ने कहा कि हम शांति के लिए प्रार्थना करते हैं नफरत के खिलाफ एकजुट हैं। पुलिस ने कहा कि वे माथेर में बीएपीएस हिंदू मंदिर में हेट क्राइम की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने पानी की लाइनें भी काट दी थीं। इससे पहले भी 16 सितंबर को न्यूयॉर्क के मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर के बाहर सड़क और साइनेज पर हिंदुओं के खिलाफ अपशब्द लिखे गए थे। जहां पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिका यात्रा के दौरान एक कार्यक्रम को संबोधित किया था। भारतीय-अमेरिकी कांग्रेसी अमी बेरा ने हिंदू मंदिर में हुई तोड़फोड़ पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सैक्रामेंटो में धार्मिक कट्टरता और घृणा के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मैं हमारे समुदाय में हुई इस बर्बरता की कड़ी निंदा करता हूं। हम सभी को असहिष्णुता के खिलाफ खड़ा होना चाहिए और यह तय करना चाहिए कि चाहे वह किसी भी धर्म का हो, सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे।

## पीएम मोदी और राहुल गांधी ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को जन्मदिन की दी बधाई



**नई दिल्ली**। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को उनके 92वें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कई दिग्गजों ने उन्हे बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने मनमोहन सिंह को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ। मनमोहन सिंह को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। मैं प्रार्थना करता हूं कि उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन मिले।कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ। मनमोहन सिंह को उनके जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। राजनीति के क्षेत्र में वह सादगी, गरिमा और सरलता के एक दुर्लभ अवतार के रूप में खड़े हैं। एक दूरदर्शी राजनेता, जिनके कार्यों ने शब्दों से अधिक जोर दिया, हम राष्ट्र के लिए उनके जबरदस्त और अमूल्य योगदान के लिए गहराई से आभारी हैं। उनके अच्छे स्वास्थ्य, खुशहाली और लंबी उम्र की कामना करता हूं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा, डॉ। मनमोहन सिंह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। हमारे देश के भविष्य को आकार देने में आपकी विनम्रता, बुद्धिमत्ता और निस्वार्थ सेवा मुझे और लाखों भारतीयों को प्रेरित करती रहेगी। मैं हमेशा आपके अच्छे स्वास्थ्य और खुशी जीवन की कामना करता हूं।मनमोहन सिंह भारत के 13वें प्रधानमंत्री थे और उनका जन्म 26 सितंबर, 1932 को हुआ था। वह एक अर्थशास्त्री भी हैं, भारत की अर्थव्यवस्था को नए आयाम देने में उनकी आर्थिक नीतियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने देश के आर्थिक सुधारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## राष्ट्रपति पहुंचीं सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र, जवानों का बढ़ाया हौंसला

### बोलीं- मातृभूमि की रक्षा के लिए आपके त्याग का सब करते हैं सम्मान

एजेंसी। नई दिल्ली



देश की महामहीन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र, सियाचिन बेस कैंप पहुंची। उन्होंने वहां तैनात सैनिकों का हौसला बढ़ाया और सियाचिन युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सियाचिन ग्लेशियर पर ऑपरेशन मेघदूत की शुरुआत 13 अप्रैल, 1984 को भारतीय सेना ने की थी और यह युद्ध स्मारक उन सभी शहीदों के बलिदान का प्रतीक है जिन्होंने इस ऑपरेशन में अपने प्राण गवांए थे। राष्ट्रपति मुर्मू ने सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां आकर आप सभी जवानों और अधिकारियों से मिलने की मेरी इच्छा आज पूरी हो गई। मैं आप सबसे मिलकर बेहद खुशी महसूस कर रही हूं। तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर के रूप में मुझे आप सभी पर गर्व है। सभी देशवासी आपकी बहादुरी को सलाम करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि कुछ समय पहले मुझे शहीदों के स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर मिला है। मैं उन सभी बहादुर सियाचिन वॉरियर्स की पावन स्मृति को सादर नमन करती हूं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण निछावर कर दिए। राष्ट्रपति ने जवानों की सराहना करते हुए कहा कि आप जटिल मौसम का सामना करते हैं, भारी बर्फबारी और माइनस 50 डिग्री तापमान जैसी विकट स्थितियों में आप पूरी निष्ठा के साथ तैनात रहते हैं। मातृभूमि की रक्षा के लिए आप असाधारण त्याग और सहनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। पूरा देश आप सबका सम्मान करता है। उन्होंने सैनिकों के परिवारों की भी सराहना की, जो अपने प्रियजनों से दूर रहते हुए देशवासियों की रक्षा में योगदान देते हैं। राष्ट्रपति ने सभी सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैं प्रार्थना करती हूं कि आप सभी स्वस्थ रहें और आपके परिजन सानंद रहें।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर चलेगी एयर ट्रेन, डायल ने कर ली तैयारी

**नई दिल्ली**। दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 से टर्मिनल 2 या 3 जाना काफी मुश्किल हो गया है, क्योंकि कई बार जाम की वजह से समय पर एयरपोर्ट नहीं पहुंच पाते और उनकी फ्लाइट छूट जाती है। यह देखकर दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने टर्मिनल 1 और टर्मिनल 2/3 के बीच एक ऑटोमेटेड पीपल मूवर (एपीएम) बनाने का फैसला किया है। दिल्ली एयरपोर्ट ऑपरेटर डायल टर्मिनल 1 और अन्य दो टर्मिनलों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए एयर ट्रेन शुरू करने की योजना तैयार कर रहा है। बता दें कि इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीएआई) देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है और इसमें तीन टर्मिनल हैं। डायल का लक्ष्य डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण मॉडल के आधार पर एक एलिवेटेड और एट-ग्रेड ऑटोमेटेड पीपल मूवर (एपीएम) सिस्टम को लागू करना है। एपीएम या एयर ट्रेन के लिए टेंडर पहले ही जारी किया जा चुका है। एपीएम सिस्टम को टर्मिनल 1 और 2 और 3 के बीच विश्वसनीय, तेज और निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो एरोसिटी और कार्गो सिटी के माध्यम से करीब 7.7 किमी की मार्ग लंबाई को कवर करता है।

## जम्मू-कश्मीर में अकेले दम पर सरकार बनाने वाले अब कर रहे गठबंधन



**जम्मू**। बीजेपी नेता और पूर्व सासंद स्मृति ईरानी ने गुरुवार को जम्मू में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के नेता उमर अब्दुल्ला ने पहले यह दावा किया था कि उनकी पार्टी अपने दम पर सरकार बनाएगी, लेकिन अब वे कांग्रेस के साथ गठबंधन की बात कर रहे हैं। ईरानी ने कहा कि बीजेपी ने शुरू से कहा है कि हम जम्मू-कश्मीर में अपने दम पर सरकार बनाएंगे। अब उमर अब्दुल्ला ने अपने पहले के बयान से अपना रुख बदल लिया है। क्या अब उन्हें अपनी हार दिखाई दे रही है? उन्होंने यह भी साफ किया कि बीजेपी ने संसद और सुप्रीम कोर्ट में राज्य का दर्जा बहाल करने की बात की है, जबकि कांग्रेस का रुख आंदोलन का है। स्मृति ईरानी ने कहा कि धारा 370 के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में 84 हजार करोड़ रुपए का निवेश आया है और तीन लाख युवाओं को आठ हजार करोड़ रुपए की वित्तीय मदद दी गई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को रोजगार और अन्य लाभ देने के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं, जैसे कि पंडित प्रेमनाथ डोगरा रोजगार योजना और उज्ज्वला योजना। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह पार्टी बांटने की नीति पर चलती है। मैं लोगों से अपील करती हूं कि वे जम्मू-कश्मीर में विकास और समृद्धि के लिए बीजेपी को वोट दें।

## ये लड़ाई हरियाणा नहीं बल्कि हिंदुस्तान और संविधान को बचाने की : राहुल

एजेंसी। हिसार



हरियाणा में विधानसभा चुनाव का प्रचार जोरों पर है। सभी राजनीतिक पार्टियां पूरे जोर शोर से चुनावी रैलियां और रोड शो कर रही हैं। वहीं गुरुवार को कांग्रेस सांसद व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने करनाल के असंध में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सभा में बीजेपी पर सीधा हमला बोला कहा कि बीजेपी ने महिला पहलवानों से सेक्शुअल हैरेसमेंट करने वालों को बचाया और एथलीट्स खत्म कर दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार चलाने वाले 90 लोग हैं। उसमें सिर्फ तीन दलित हैं जबकि 45 होने चाहिए। ये लड़ाई हरियाणा नहीं बल्कि हिंदुस्तान और संविधान को बचाने की है। बीजेपी ने सारी संस्थाओं को आरएसएस के हवाले कर दिया। पूरा कंट्रोल नागपुर से किया जा रहा है। करनाल रैली में राहुल गांधी, भूपेंद्र हुड्डा और कुमारी सैलजा को एकसाथ मंच पर लेकर आए। टिकट बंटवारे में अनदेखी और हुड्डा समर्थकों के कथित जातिसूचक शब्द कहने से सैलजा नाराज चल रहीं थीं। राहुल गांधी ने कहा कि आपको मेरी जहां भी जरूरत होगी, संसद में उसे उठाना हो, मेरा दिल का रिश्ता है, पुराना रिश्ता है। मैं झूठ नहीं बोलता, ये मोदीजी का काम है। अब हरियाणा को खड़ा होना है, क्योंकि देव जैसे जो बच्चे रो रहे हैं उनके आंसू पोछने हैं। उनको खुश करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को 90 लोग चलाते हैं, इनमें तीन दलित हैं। होने कितने चाहिए 45। बजट कितना संभालते हैं। ये हिंदुस्तान की सच्चाई है। मैंने मोदीजी के सामने कहा है कि मैं इसको पास कराऊंगा। ये बांटने का काम करते हैं। मीडिया वाले 24 घंटे लगे रहते हैं, एक जात को दूसरी जात से लड़ा दो। अडानी जी को बचा दो। उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा में कांग्रेस स्वीप पार्टी करने जा रही है।

## कोलकाता लेडी डॉक्टर रेप-मर्डर केस : पुलिस थाने में हुई सबूतों के साथ छेड़छाड़, सीबीआई का दावा



**कोलकाता**। सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज में लेडी डॉक्टर के रेप-मर्डर मामले में एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि इसमें सबूतों के साथ छेड़छाड़ हुई है। सीबीआई ने अदालत को बताया कि ताला थाना में झूठे रिकॉर्ड बनाए गए और सबूतों के साथ छेड़छाड़ की गई। सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज लेडी डॉक्टर रेप-मर्डर मामले की जांच-पड़ताल करते हुए ताला थाने के प्रभारी अभिजीत मंडल और मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से हिरासत में पूछताछ की थी। इसके बाद सीबीआई ने अदालत को अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि उसकी जांच में कुछ नए फैक्ट भी सामने आए हैं। इनसे जाहिर होता है कि ताला थाना में इस मामले से संबंधित कुछ गलत रिकॉर्ड न सिर्फ बनाए गए थे बल्कि उन्हें बदला भी गया था। बताते चलें कि जांच एजेंसी ने थाना प्रभारी मंडल को 14 सितंबर को हिरासत में लिया था, जबकि पूर्व प्राचार्य घोष को 15 सितंबर को हिरासत में लिया गया था। सीबीआई ने बुधवार 25 सितंबर को एसीजेएम कोर्ट के समक्ष दावा किया कि ताला पुलिस स्टेशन के पूर्व प्रभारी अधिकारी अभिजीत मंडल और आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के बीच 9 अगस्त को अपराध वाले दिन कई बार बातचीत हुई थी। यही नहीं सीबीआई ने दावा किया है कि दोनों से हिरासत में की गई पूछताछ में नए और चौंकाने वाली बात सामने आई है। इन चौंकाने वाले खुलासों में पुलिस स्टेशन में कुछ दस्तावेजों को बदलने जैसी गंभीर बात भी सामने आई है।

**दोनों आरोपियों की हिरासत बढ़ाने की मांग** : आरोपी मंडल और घोष की ओर से अदालत में पेश हुए वकीलों ने कहा कि सीबीआई आरोप लगाने की बजाय सबूत पेश करे। उन्होंने कहा कि रेप और मर्डर के बाद अस्पताल प्रमुख (घोष) का पुलिस थाना प्रभारी से बात करना स्वाभाविक सी बात थी। वहीं सीबीआई ने अदालत के समक्ष एक सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट पेश की और दोनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत 30 सितंबर तक बढ़ाए जाने की मांग भी की है।

## सरकार न करे मंदिरों का प्रबंधनः शंकराचार्य

**मथुरा**। गुवाहाटी से चातुर्मास करने के बाद मथुरा आए शंकराचार्य अधोक्षजानंद देव तीर्थ ने तिरुपति के लड्डू प्रसाद में ''मिलावट की निंदा की और कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि मंदिरों का प्रशासन सरकारों के हाथ में न होकर एक अलग बोर्ड के हाथ में हो। शंकराचार्य ने बुधवार को यहां गोवर्धन में पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही। जानकारी के मुताबिक, वह असम के गुवाहाटी से चातुर्मास करने के बाद यहां आए हैं। यहां आदि शंकराचार्य आश्रम पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। तिरुपति लड्डू विवाद पर उन्होंने कहा कि यह लोगों की धार्मिक भावनाओं पर सीधा हमला है।

## जनता का ध्यान भटकाने का सरकार कर रही प्रयास : मायावती



**लखनऊ**। यूपी सरकार के होटलों, रेस्तरां और ढाबों के लिए हालिया आदेश पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि यह सब जनता का ध्यान बांटने की कोशिश है। उन्होंने इसे खाद्य सुरक्षा से कम और राजनीति प्रेरित ज्यादा बताया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने हाल ही में आदेश दिया है, जिसमें होटलों, रेस्तरां, और ढाबों में मालिकों और मैनेजरों का नाम और पता दर्ज कराने के साथ सीसीटीवी कैमरे लगवाने को अनिवार्य किया गया है। इस मामले पर बसपा सुप्रीमों मायावती ने यूपी सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए और इस कदम को खाद्य सुरक्षा से कम और चुनावी राजनीति से ज्यादा प्रेरित बताया है। गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बसपा प्रमुख मायावती ने लिखा, कि यूपी सरकार द्वारा होटलों, रेस्तरां, ढाबों में मालिक, मैनेजर का नाम, पता दर्ज करना और सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य करने की घोषणा कांवड़ यात्रा के दौरान की गई कार्रवाई की तरह ही फिर से चर्चा में है। यह सब खाद्य सुरक्षा हेतु कम और जनता का ध्यान बांटने की चुनावी राजनीति ज्यादा है। इसके साथ ही मायावती ने कहा है, कि खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने पहले ही से कड़े कानून मौजूद हैं, लेकिन सरकारी लापरवाही और मिलीभगत के कारण मिलावट का धंधा जोर-शोर से चलता रहता है।



# जमुई में दर्जनों गांव को जोड़ने वाली सड़क की स्थिति जर्जर

## गड्ढे और झाड़ियों से दुर्घटना का डर

**जमुई, एजेंसी।** जमुई जिले के गिद्धौर प्रखंड के एक दर्जन गांवों को मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क की स्थिति जर्जर बनी हुई है। जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। साल 2017 में निर्माण हुए इस सड़क को आज तक मरम्मत नहीं कराया गया। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। जर्जर सड़क की मरम्मती के लिए कई बार मुखिया, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख,पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद, राजनीतिक दलों के नेताओं, विधायक और सांसद को भी कहा जा चुका है लेकिन अब तक इसपर कोई पहल नहीं की गई। इस सड़क पर बाइक क्या पैदल चलना भी मुश्किल है।

### मरम्मत कार्य की आवंटित राशि से नहीं हुआ काम

इस बात की जानकारी मौरा पंचायत के वर्तमान मुखिया धनराज यादव,पंचायत समिति सदस्य दुःखन यादव,कुणाल सिंह,सोनू सिंह,सच्चिदानंद मिश्रा,विरेन्द्र यादव,अजीत झा सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा दी गई है। लोगों ने कहा कि सड़क निर्माण 2017 में कराया गया था। जिसके बाद आज तक मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। साल 2021 तक मरम्मत कार्य के नाम पर आवंटित राशि का निकासी निर्माण एजेंसी द्वारा किया जाता रहा। सड़क बीच-बीच में उखड़ गया है और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं।जिसके कारण बाइक और पैदल चलना भी मुश्किल है।

### चुनाव में नेता देते हैं सड़क निर्माण का आश्वासन

ग्रामीणों ने बताया कि प्रत्येक 5 वर्षों में पंचायत चुनाव, विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के वक्त ग्रामीणों को नेताजी पक्की सड़क बनाने का आश्वासन दे जाते हैं। लेकिन अब तक सड़क जर्जर बनी हुई है। जर्जर सड़क के कारण वाहन को छ्ह किलोमीटर सफर तय करने में आधे घंटे से अधिक का समय लग जाता है। बरसात के दिनों में ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। बता दें कि गिद्धौर मौरा भाया मांगोबंदर तक वर्ष 2016 में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना से कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग झाझा के द्वारा लगभग लाखों रुपए की लागत से 6 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया गया था। जिसमें 5 वर्ष के रखरखाव के लिए लगभग लाखों रुपए की राशि निर्धारित किया गया था।

### सड़क किनारे लगी है झाड़ियों से दुर्घटना का डर

सड़क के किनारे जंगली झाड़ियां से जहां एक तरफ सड़क संकीर्ण हो गया है। वहीं, दूसरी और जानवर एकाएक सामने से जानवर आने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जमुई विधान सभा क्षेत्र की भाजपा विधायक श्रेयसी सिंह ने कहा कि जल्द जर्जर हो चुके सड़क का निर्माण कराया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पंडित दीनदयाल के संकल्प और सपने को भाजपा पूरा कर रही : डॉ. दिलीप जायसवाल



**पटना, एजेंसी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल ने अंत्योदय और एकात्म मानववाद का दर्शन प्रस्तुत कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और समृद्धि पहुंचाने का संकल्प लिया था। उनके संकल्प को भाजपा नेतृत्व लगातार पूरा कर रह रही है। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता अपने लिए रोटी की व्यवस्था कर राजनीति कर रहा है। वह समाज की सेवा में लगा हुआ है। पंडित दीन दयाल से प्रेरणा लेकर हमें समाज के हर कमजोर वर्ग के लिए काम करना चाहिए। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार उनके सपनों को साकार कर रही है। इस मौके पर दानिश इकबाल, अमित प्रकाश बबलू, अरविंद शर्मा, प्रवीण पटेल, आशुतोष शंकर सहित अन्य रहे।

### एक दीप स्वच्छता के नाम कार्यक्रम का आयोजन :किशनगंज में दीप जला कर कार्यक्रम की शुरुआत



**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज के टेढ़ागाछ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत हाटगांव पंचायत में एक दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान कचरा अपशिष्ट प्रबंधन भवन के प्लेटफार्म मे पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार, अंचल अधिकारी शशि कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी स्वच्छता सवन्यक दीपक कुमार और स्वच्छता कर्मी मौजूद रहे। इन्होंने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार ने आगे बताया कि स्वच्छता मिशन को घर-घर तक पहुंचाने को लेकर बड़े पैमाने पर प्रचार प्रसार और रैली निकाली जा रही है। विभिन्न प्रकार के नुक्कड़ नाटकों से सभी गांव में लोगों को जागरूक किया जाएगा। प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग पंचायत में स्वच्छता कर्मी और पंचायत प्रतिनिधि व स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सार्वजनिक स्थान में झाड़ू लगाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### यात्रियों का मोबाइल चुराने वाले गिरोह के छह गिरफ्तार

**पटना, एजेंसी।** स्टेशन के वेटिंग हॉल से ट्रेनों तक यात्रियों का मोबाइल उड़ाने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह को रेल पुलिस ने पकड़ा है। इस गिरोह का सरगना अपने लड़कों से मोबाइल चोरी करवाकर बंगाल के मालदा के रास्ते बांग्लादेश भेजता है। राजेंद्रनगर टर्मिनल रेल पुलिस ने एक नाबालिग समेत छह बदमाशों को राजेंद्रनगर टर्मिनल से लेकर पास के होटल और अन्य स्थानों में छापेमारी कर गिरफ्तार किया। इनके पास से 9 स्मार्ट मोबाइल, 2 की-पैड मोबाइल, 210 रुपए और ब्लेड के टुकड़े बरामद किए हैं। गिरफ्तार होने वालों में खुसरूपुर का शाहनवाज खान, पूर्वी चंपारण का सुल्तान, नालंदा का मौसुम राज, गया का श्रवण कुमार, जमुई का कुंदन कुमार और एक नाबालिग है। इस गिरोह का सरगना रौशन कुमार फरार चल रहा है। वह पटना सिटी के मंसूरगंज का रहने वाला है। रौशन दो-तीन बार जेल जा चुका है। इन बदमाशों को रौशन ने ट्रेनिंग दी है। एक माह की ट्रेनिंग के बाद गिरोह में शामिल कर लिया। रेल एसपी एएस ठाकुर ने बताया कि रौशन मोबाइल चोरी करने के लिए हरेक को रोजाना एक हजार दिहाड़ी देता है। मोबाइल चुरा कर सभी रौशन को देते हैं।

# रात में 5 बार आ रहा सियार, 12 को काटा:बेगूसराय के 3 गांवों में फैला आतंक, घर में घुसकर कर रहे अटैक

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में सियार ने कोहराम मचा दिया है। दो दिनों में सियार के हमले में एक दर्जन लोग घायल हो गए हैं। इसके बाद 3 किलोमीटर के दायरे में बसे 3 गांवों में हड़कंप मचा हुआ है। गांवों के युवक रात में घूम-घूमकर पहरा दे रहे हैं। शाम होते ही घर का दरवाजा बंद कर ले रहे हैं। मामला भगवानपुर थाना क्षेत्र के सतराजेपुर, समस्तीपुर और लखनपुर गांव का है। बेगूसराय बिहार का चौथा ऐसा जिला हो गया है, जहां लोग सियार के आतंक से परेशान हैं। इससे पहले मुजफ्फरपुर, मुंगेर और छपरा में सियार के हमले के मामले सामने आए हैं।

**9 लोगों को काटा, सभी को लगा एंटी-रैबिज इंजेक्शन :** तीनों ही गांवों के लोग सियार के हमले की अपनी-अपनी आपबीती बताते हैं। कहते हैं कि हमारे इलाके में सियार सब दिन रहा है। लेकिन कभी गांव में आकर आदमी पर हमला नहीं करता था।सतराजेपुर, समस्तीपुर और लखनपुर गांव बलान नदी के किनारे बसा है। सियार उसके झाड़ी में रहते थे। सियार के हमले में अभी तक सतराजेपुर निवासी शत्रुघ्न पासवान एवं अमित पासवान, समस्तीपुर के नरेश महतों, सुजीत कुमार, नकुल महतो एवं बच्ची देवी तथा लखनपुर के विनय कुमार, राजकुमार एवं सुनैना देवी घायल हुए हैं। भगवानपुर पीएचसी प्रभारी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि चिकित्सक



द्वारा इलाज एवं एंटी रैबीज इंजेक्शन देने के बाद सभी को घर जाने के लिए डिस्चार्ज कर दिया गया है।

**रात में 4 से 5 बार आ रहा सियार :** घायल शत्रुघ्न पासवान ने बताया कि वह अपने घर में सो रहे थे। सुबह 5 बजे हमारे साला अमित को सियार ने काट लिया। हल्ला सुनकर जब हम घर से निकल रहे थे, तभी सियार ने मेरे पैर पर अटैक कर दिया। काफी जोर से दांत गड़ा दिया था। हमने दोनों हाथ से पकड़ कर छुड़ाया तो उंगली में काट लिया, किसी तरह उठाकर पटके तो भाग गया। रात में भी कई बार देखा गया है। रामनारायण पासवान ने बताया कि सुबह करीब 5 बजे मेरे साला का लड़का दरवाजा पर सोया हुआ था। तभी सियार आया और सिरहाने में लटके हाथ में काट लिया। उसके चिल्लाने पर दौड़े तो सियार वहां से निकल कर दूसरे को काट लिया। रात में भी चार-पांच बार आया है। कहते हैं कि हम दोनों पति-पत्नी पूरे रात जगे रहे, रात भर लाठी लेकर बैठे रहे। सियार पहले भी था, लेकिन ऐसा नहीं करता था, क्यों काट लिया पता नहीं। समस्तीपुर गांव की ओर से पीछे के रास्ते से आया था। समस्तीपुर गांव के ही निवासी नरेश महतो कहते हैं कि हम दोनों पति-पत्नी घर में थे। सियार आया तथा हमारे पैर और पत्नी के पैर में काट लिया। मेरे पत्नी भूखली देवी को काट कर भाग गया। बहुत डर लग रहा है, लेकिन क्या कर सकते हैं।

**ब्रीडिंग सीजन में एग्रेसिव हो जाते हैं सियार-डॉक्टर :** वेटनरी सर्जन डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि अभी सियार का ब्रीडिंग सीजन चल रहा है। इस सीजन में वह एग्रेसिव हो जाते हैं और उनमें काटने की प्रवृत्ति बढ़ जाती है। अगर एक ही सियार काट रहा है तो वह रेबीज से ग्रसित हो सकता है। एंटी रेबीज के कारण वह काटने के प्रति एग्रेसिव हो जाता है और लोगों को काटने लगता है। डॉक्टर का कहना है कि कहीं यह प्रभावित कर रहा है तो वहां के लोग दरवाजा बंद करके रहें। जहां सियार का बसेरा है, वहां अकेले नहीं जाएं। अगर काट लेता है तो तुरंत नजदीकी अस्पताल जाकर रेबीज का टीकाकरण करवा लेना चाहिए। जहां इनके रहने का जगह है, वहां पर्याप्त मात्रा में भोजन नहीं मिलने के कारण भी वह रेजिडेंशियल एरिया में चले जाते हैं और भोजन की तलाश में ही काटने की एक्टिविटी बढ़ जाती है। डॉ. राहुल कुमार कहते हैं कि सियार, लोमड़ी, कुत्ते, बंदर, बिल्ली एवं चमगादड़ ऐसे जानवर हैं कि यदि इन्हें खुद रेबीज हो और किसी इंसान को काट लें तो उसे भी खतरा हो जाता है। रेबीज का अभी तक कोई इलाज नहीं है। मौत की दर 100 प्रतिशत रहती है। इनमें से कोई भी जानवर काट ले तो रैबीज की वैक्सीन जितनी जल्दी हो, जरूर लगवा लें। सबसे पहले काटे जाने वाले स्थान को तेज पानी की धार एवं साबुन से 15 मिनट तक साफ करें। घाव वाली जगह पर बिटाडीन या स्प्रिट का प्रयोग कर साफ करें।

**महेशपुर में एक सियार को पीट-पीट कर मार डाला :** इधर तियाय ओपी क्षेत्र के महेशपुर पंचायत स्थित मल्हीपुर गांव निवासी सदानंद राय (60) को सियार ने काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल सदानंद राय को परिजन इलाज के लिए ले गए। जबकि, ग्रामीणों ने उक्त सियार को बहियार में खदेड़ कर मार डाला। मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राय ने बताया कि लखनपुर पंचायत में सियार द्वारा कई लोगों को काट कर घायल करने के बाद मल्हीपुर में सियार के हमला से क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ था।



# 2 किशोर की नदी में डूबने से मौत:बेतिया में नहाने के दौरान हुआ हादसा, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**बेतिया, एजेंसी।** बेतिया में नहाने के दौरान सिकरहना नदी में डूबने से दो किशोरों की मौत हो गई है। घटना जिले के साठी थाना क्षेत्र अंतर्गत के परसौना गांव की है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। साथ ही मामले की छानबीन में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान दानियाल परसौना गांव निवासी खोबारी साह के 14 वर्षीय बेटे विवेक कुमार और मनोज पटेल के 11 वर्षीय बेटे शिवम कुमार के रूप में की गई है। मामले में परिजनों के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नहाने के दौरान हुआ हादसा

स्थानीय लोगों ने बताया कि नहाने के क्रम में दोनों गहरे पानी में चले गए। जिससे दोनों की मौत हो गई है। शव को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से देर शाम नदी से बाहर निकला गया। परिजनों ने बताया कि नहाने के दौरान सत्यम गहरे पानी में चला गया। जिसे बचाने के लिए उसका चचेरा भाई शिवम गया। लेकिन, वह भी डूब गया। लोगों ने घटना की जानकारी प्रशासन को दी।

### पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

सूचना पर पहुंचे साठी थाना के दरोगा जितेन्द्र कुमार, जैशल, उमेश यादव व लौरिया अंचलाधिकारी नितेश कुमार सेट ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीच भेज दिया है। इस दौरान अंचल अधिकारी ने कहा कि परिजनों को सरकार से मिलने वाली सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# गांधी संग्रहालय में बापू के मोहन से महात्मा तक के 15 चेहरे जीवंत रूप में देख सकेंगे लोग

**पटना, एजेंसी।** गांधी संग्रहालय में मोहन से महात्मा नामक स्थायी प्रदर्शनी का 2 अक्टूबर को अनावरण किया जाएगा। इसमें महात्मा गांधी की बाल्यावस्था से लेकर उनके जीवन की 15 अवस्थाओं में उनके चेहरे की आकृति और उनपर भावों को मूर्तियों के रूप में जीवंत किया गया है। यह मुख्य रूप से 1876 से 1930 तक गांधीजी के जीवन के विभिन्न आयाम और व्यक्तित्व को दर्शाता है।

गांधीजी के चेहरे पर यह जीवंत भाव गढ़ा है दानापुर के कलाकार रामू कुमार ने। रामू पटना ऑर्ट कॉलेज के छात्र रहे हैं। 15 मूर्ति का निर्माण फाइबर मटेरियल से किया गया गांधी के जीवन के विभिन्न कालखंडों पर आधारित 15 मूर्तियों का निर्माण फाइबर मटेरियल से किया गया है। इसे पहले मिट्टी से आकार देखकर फ्रेम बनाया गया और उस फ्रेम से फाइबर पर आकार दिया गया। इसमें 5 लाख की लागत आई है और 3 महीने लगे हैं। अब इसे पेंट किया जाना है। इसे बनाने का उद्देश्य संग्रहालय में आने वाले दर्शकों को प्रवेश द्वार से ही गांधी जी के रंग में रंगने की कोशिश है। गांधी संग्रहालय के संयुक्त सचिव आसिफ वासी ने बताया कि इसके अनावरण के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया गया है। अभी मंत्रालय की ओर से अनावरण में सम्मिलित होने का पुष्टि नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर संग्रहालय परिसर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता 28 सितंबर से शुरुआत होगी। जिसके लिए बिहार के कई कॉलेज और राजधानी के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों को पत्र लिखकर आमंत्रित की गई है।

इस प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्रों को गांधीजी से संबंधित विषयों पर लेख लिखने के लिए दिया जाएगा। स्कूली छात्रों के लिए लेख के साथ पेंटिंग, संगीत, कविता और भाषण आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए छात्रों को उपस्थित होने के बाद विषय दी जाएगी। इसमें नेशनल हीरो और गांधी जी से संबंधित विषय होगी। विजेता प्रतिभागियों को 2 अक्टूबर को शाम 4 बजे कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।

# ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री ने रोजगार मेले का किया शुभारंभ

## रोजगार मेले में 18 युवाओं को मिला हाथों-हाथ ऑफर लेटर

**पटना, एजेंसी।** धनरुआ प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय, साई के परिसर में रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेला बुधवार को आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने की। इस मौके पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि हमें वैश्विक स्तर पर खड़ा होना है तो इसके लिए हमें मेहनत करने के साथ-साथ प्रतियोगी मानसिकता का विकास करने की आवश्यकता है।

इस दौरान मंत्री श्रवण कुमार ने विभिन्न कंपनियों में रोजगार के लिए चयनित 18 युवाओं को हाथों-हाथ मंच से ऑफर लेटर प्रदान किया। मेले में युवाओं की लगी रही भीड़ : रोजगार मेले में दिन भर लोगों की भीड़ लगी रही। रोजगार मेले के निबंधन-सह-परामर्श केंद्र पर 567 युवाओं ने



रोजगार के लिए निबंधन करवाया। इस मेले में सीधे तौर पर अभ्यर्थियों को योग्यता के अनुसार 97 युवाओं का चयन रोजगार के लिए किया गया। 146 ने ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में स्वरोजगार के लिए पंजीयन भी युवाओं ने निबंधन कराया। ये रहे मौजूद : कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य रविंद्र प्रसाद सिंह, जिला परियोजना प्रबंधक मुकेश कुमार, प्रबंधक रोजगार अरुण कुमार, पूर्व विधान परिषद सदस्य बाल्मिकी सिंह, बिहार अति पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. नवीन आर्या, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष नूतन पासवान, पटना जदयू जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, धनरुआ जदयू प्रखंड अध्यक्ष वेद प्रकाश, मोरियावां पंचायत के मुखिया रंजन कुमार, धनरुआ पंचायत के मुखिया रानी कुमारी, शत्रुघ्न पासवान, बन्टी चन्द्रिवंशी, पप्पू सिंह, अशोक रजक, मो. शाहीद, ललन आजाद, सुषमा, विधाभूषण व अन्य रहे।

# मंत्री ने चेताया : स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट लेट करने वाली एजेंसियां होंगी ब्लैकलिस्टेड



**पटना, एजेंसी।** नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने चेतावनी दी कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में लेटलतीफी करने वाली एजेंसियों को ब्लैकलिस्टेड किया जाएगा। वे बुधवार को विकास भवन में स्मार्ट सिटी की योजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पूर्ण हो चुके और चल रहे प्रोजेक्ट की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर कार्य की लगातार निगरानी प्रोजेक्ट स्थल पर होनी चाहिए। बैठक के दौरान पटना समेत भागलपुर, मुजफ्फरपुर और बिहारशरीफ के नगर आयुक्त ने अपडेट दिया। पटना स्मार्ट सिटी की टीम ने मौर्यालोक के सौंदर्यीकरण, रेलवे स्टेशन के पास सब-वे निर्माण, मौर्यालोक के पास मल्टी लेवल पार्किंग समेत अन्य परियोजनाओं की जानकारी दी। मंत्री ने पटना में जल्द से जल्द नाला निर्माण और ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। मुजफ्फरपुर के नगर आयुक्त ने सिकंदरपुर लेक प्रोजेक्ट, पार्कों के सौंदर्यीकरण, बैरिया बस स्टैंड समेत अन्य प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी दी। भागलपुर के नगर आयुक्त ने टाउन हॉल निर्माण, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बिल्डिंग के निर्माण, मास्ट लाइट समेत अन्य कार्यों की जानकारी दी। बैठक में विभाग के सचिव अभय सिंह, पटना के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर समेत राज्य की चारों स्मार्ट सिटी के नगर आयुक्त मौजूद रहे।

# पटना में देर रात चेन स्नैचिंग और चोरी:दो थाना क्षेत्र में 3 घटनाएं, पुलिस की पेट्रोलिंग पर सवाल




**पटना, एजेंसी।** पटना में बुधवार देर रात जक्कनपुर थाना क्षेत्र में चेन स्नैचिंग हुई। यह घटना तब हुई जब महिला अपने बेटे का बर्थडे मनाकर घर लौट रही थी। बदमाश महिला का मंगलसूत्र लेकर फरार हो गए। वहीं दूसरी घटना गर्दनीबाग थाना क्षेत्र की है, जहां बुधवार शाम बंद घर का ताला काटकर 6 लाख के गहने और 4.5 लाख कैश की चोरी कर ली गई। घर के मालिक स्वास्थ्य विभाग से संबंधित काम के लिए गया गए थे। दरअसल, एक तरफ जहां बिहार के नवनियुक्त डीजीपी आलोक राज गश्ती बढ़ाने पर जोर दे रहें हैं। वहीं पटना के एसएसपी सड़क पर निकलकर पुलिस की कार्यशैली की जांच कर रहे हैं। इसी बीच एक हीं थाना क्षेत्र में दो घटनाएं पुलिसया पेट्रोलिंग पर सवालिया निशान खड़ा करते हैं। जक्कनपुर थाना क्षेत्र के मीठापुर बी-एरिया में स्वास्थ्य विभाग की कर्मी नीभा कुमारी के गले से बदमाशों ने मंगलसूत्र झपट लिया। नीभा बेटे के साथ घर लौट रही थी। पति दोनों बच्चों को लेकर बाइक से आगे बढ़ गए थे। नीभा अपनी मेड के साथ पैदल घर जा रहीं थीं। निभा ने बताया कि वह जक्कनपुर थाना के जयप्रकाश नगर में रहती हैं। जब वह लौट रही थी उसी समय बाइक सवार दो बदमाश सामने से आए, बिल्कुल बगल से गुजरे और पीछे चले गए। वापस फिर आए और बेली रोड जाने का रास्ता पूछा मैं बता हीं रही थी की मेरे गले से मंगलसूत्र झपट कर भाग गए। मैंने बाइक का नीचे का नंबर देख लिया। घर आ कर पति को सारी बात बताई। फिर जक्कनपुर थाना में मामला दर्ज कराया गया।

### ताला तोड़ 6 लाख के गहने की चोरी

गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के चटर्जी लेन में रहने वाले डॉक्टर रवींद्र कुमार सिन्हा के बंद घर का ताला तोड़ चोरों ने साढ़े चार लाख नकद और 6 लाख के गहने की चोरी कर ली। डॉक्टर रवींद्र स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र गया में पोस्टेड हैं। चोरी के समय वो गया में थे। बुधवार शाम को पड़ोसी ने चोरी की सूचना दी। सूचना पर देर रात पटना पहुंचे तो चोरी का पता चला। डॉक्टर रवींद्र ने बताया कि पैसा गांव की जमीन बेच कर किसी जरूरी काम से ला कर घर पर रखा था। गर्दनीबाग पुलिस दोनों मामले की जांच कर रही है।

### पड़ताल में जुटी पुलिस

जक्कनपुर थानाध्यक्ष रितु राज ने बताया की मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। महिला ने एक अधूरा नंबर जिसका लास्ट 4 डिजिट 3686 दिया है। पुलिस बाइक सवार बदमाशों का सुराग लगाने में जुटी है।

### गले से झपट्टा मार छीना चेन

चेन छीनतई की एक और घटना गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के ढकनपुरा में घटी। जहां श्वेता कुमारी के गले से झपट्टा मार कर बाइक सवार बदमाशों ने 1.60 लाख रुपये कीमत की सोने की चेन छीन ली। श्वेता मूल रूप से जहानाबाद के पारसबिगहा के अमैन की रहने वाली है। वह अपने भाई विमलेश के पास जिउतिया करने आई थी। वह कच्ची तालाब बाजार से देर शाम घर जा रही थी। उसी समय बाइक पर सवार दो बदमाश आए और चेन छीन कर फरार हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में देर रात चेन स्नैचिंग और चोरी, दो थाना क्षेत्र में 3 घटनाएं

**पटना।** पटना में बुधवार देर रात जक्कनपुर थाना क्षेत्र में चेन स्नैचिंग हुई। यह घटना तब हुई जब महिला अपने बेटे का बर्थडे मनाकर घर लौट रही थी। बदमाश महिला का मंगलसूत्र लेकर फरार हो गए। वहीं दूसरी घटना गर्दनीबाग थाना क्षेत्र की है, जहां बुधवार शाम बंद घर का ताला काटकर 6 लाख के गहने और 4.5 लाख कैश की चोरी कर ली गई। घर के मालिक स्वास्थ्य विभाग से संबंधित काम के लिए गया गए थे। दरअसल, एक तरफ जहां बिहार के नवनियुक्त डीजीपी आलोक राज गश्ती बढ़ाने पर जोर दे रहें हैं। वहीं पटना के एसएसपी सड़क पर निकलकर पुलिस की कार्यशैली की जांच कर रहे हैं। इसी बीच एक हीं थाना क्षेत्र में दो घटनाएं पुलिसया पेट्रोलिंग पर सवालिया निशान खड़ा करते हैं।




जक्कनपुर थाना क्षेत्र के मीठापुर बी-एरिया में स्वास्थ्य विभाग की कर्मी नीभा कुमारी के गले से बदमाशों ने मंगलसूत्र झपट लिया। नीभा बेटे के साथ घर लौट रही थी। पति दोनों बच्चों को लेकर बाइक से आगे बढ़ गए थे। नीभा अपनी मेड के साथ पैदल घर जा रहीं थीं। निभा ने बताया कि वह जक्कनपुर थाना के जयप्रकाश नगर में रहती हैं। जब वह लौट रही थी उसी समय बाइक सवार दो बदमाश सामने से आए, बिल्कुल बगल से गुजरे और पीछे चले गए। वापस फिर आए और बेली रोड जाने का रास्ता पूछा मैं बता हीं रही थी की मेरे गले से मंगलसूत्र झपट कर भाग गए। मैंने बाइक का नीचे का नंबर देख लिया। घर आ कर पति को सारी बात बताई। फिर जक्कनपुर थाना में मामला दर्ज कराया गया। जक्कनपुर थानाध्यक्ष रितु राज ने बताया की मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। महिला ने एक अधूरा नंबर जिसका लास्ट 4 डिजिट 3686 दिया है। पुलिस बाइक सवार बदमाशों का सुराग लगाने में जुटी है।

### दुर्गा पूजा की छुट्टी बढ़ाने की मांग, शिक्षक नेता बोले- 3 से 12 अक्टूबर तक मिले छुट्टी

**पटना।** बिहार में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति सुधारने में जुटे शिक्षा विभाग के पूर्व ACS केके पाठक ने छुट्टी की लिस्ट जारी की थी। उस लिस्ट में दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्व में छुट्टियों की कटौती की गई थी। वहीं अब एक बार फिर से शिक्षक संघ ने दुर्ग पूजा के अवकाश में संशोधन की मांग की है। केके पाठक के कार्यकाल के दौरान जारी अवकाश तालिका (छुट्टी की लिस्ट) के अनुसार 10 से 12 अक्टूबर तक दुर्गा पूजा का अवकाश है, लेकिन शिक्षक 3 से 12 अक्टूबर तक दुर्गा पूजा की छुट्टी देने की मांग कर रहे हैं। वहीं नौतन से BJP विधायक नारायण प्रसाद ने भी शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर छुट्टी बढ़ाने की मांग की है। शिक्षक नेता राजू सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा का पर्व 3 अक्टूबर के साथ कलश स्थापना से शुरू हो रहा है। पहले के सालों में कलश स्थापना के साथ ही सरकारी स्कूलों में छुट्टियां दी जाती थी,



लेकिन शिक्षा विभाग के पूर्व ACS केके पाठक के द्वारा अवकाश तालिका में संशोधन किया गया था, जिसके अनुसार मात्र तीन दिन ही छुट्टी दी जा रही है। इससे सरकारी विद्यालयों में बहुत सारे शिक्षक और शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। बहुत सारे शिक्षक दुर्गा पूजा के दौरान उपवास पर रहते हैं, ऐसे में स्कूल जाना और आना या काफी कठिन होगा। उन्होंने आगे कहा कि हम सीएम नीतीश कुमार और शिक्षा मंत्री से या मांग करना चाहेंगे कि हमारी परेशानी को समझते हुए 3 अक्टूबर से लेकर 12 अक्टूबर तक दुर्गा पूजा की छुट्टी दी जाए। भाजपा प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा की स्कूलों में जो छुट्टियों का विषय है, इस पर सरकार का ध्यान है। सरकार सबके सहयोग से सभी धर्म का सम्मान करते हुए, बच्चों के भलाई को देखते हुए सही निर्णय लेती है। शिक्षक को समझना चाहिए उनकी भी एक जिम्मेदारी बनती है। बात रही छुट्टियों की तो सरकार सब कुछ सोच समझ कर निर्णय लेती है, सभी धर्म का सम्मान करती है।

### बिहटा में सोन नदी से महिला-बच्ची का शव बरामद, SDRF ने 24 घंटे बाद पानी से निकाला बाहर

**पटना।** पटना के बिहटा में सोन नदी में डूबी एक महिला और बच्ची का शव 24 घंटे बाद बरामद हुआ है। एसडीआरएफ ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला। 1 बच्ची की तलाश जारी है। मृतका की पहचान अमनाबाद निवासी स्व.प्रभु राय की पत्नी ललिता देवी और हलखोरिया चक गांव निवासी शंभू राय की बेटी सोनी कुमारी के तौर पर हुई है। जबकि एक अन्य बच्ची तरेगनी कुमारी की तलाश जारी है। बुधवार को स्नान करने के दौरान 4 लोग डूब गए थे। काफी देर बाद अंजली कुमारी का शव मिला था। मृतका ललिता देवी के परिजन विकास कुमार ने बताया कि बुधवार को शाम के समय जितिया



पर्व को लेकर गांव के लोग सोन नदी में स्नान गए थे। स्नान करने के दौरान हलखोरीया चक गांव की तीन बच्चियां नदी में डूबने लगी। मेरी चाची ललिता देवी भी बच्चियों को बचाने के चक्कर में डूब गई। 2011 में मेरे चाचा की मौत करंट लगने से हो गई थी। अब चाची की भी मौत हो गई। 2021 में बेटी और 2022 में बेटे की शादी हुई थी। इस घटना से परिवार के सदस्य काफी दुखी हैं। थाना प्रभारी राज कुमार पांडे ने बताया कि अब तक एक महिला और 2 बच्चियों का शव बरामद हुआ है। पोस्टमार्टम के लिए शव को अस्पताल भेज दिया गया है। एक बच्ची की तलाश जारी है। SRDF की टीम सर्च ऑपरेशन चला रही है।

## कटिहार में उफान पर गंगा-कोसी, सीएम का कार्यक्रम कैंसिल

# पटना, में बारिश, 12 जिलों में अलर्ट

**एजेंसी, पटना।**



तिलकामांझी यूनिवर्सिटी में चल रही नाव

बिहार में बीते दो दिनों से मानसून फिर एक्टिव है। बारिश के कारण प्रदेश की कई नदियां उफान पर है। कटिहार में गंगा और कोसी नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिसके कारण रसेला, मनिहारी, अमदाबाद, बरारी प्रखंड के कई पंचायतों में बाढ़ का पानी घुस गया है। बरारी प्रखंड में आज सीएम नीतीश का कार्यक्रम था, लेकिन बाढ़ के हालात को देखते हुए इसे कैंसिल कर दिया गया है। कटिहार में मनिहारी, बरारी, कुर्सेला और अमदाबाद प्रखंड के 57 स्कूलों में बाढ़ के कारण पढाई ठप है। जिला शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि स्थिति सामान्य होने पर ही इन स्कूलों में परीक्षाएं होंगी। दूसरी ओर मुंगेर, भागलपुर समेत कई जिलों में अभी भी बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। भागलपुर में तिलकामांझी यूनिवर्सिटी पानी में डूबी है। यूनिवर्सिटी की हालत इतनी बुरी है कि यहां नाव चल रही है। शेखपुरा के घाटकुसुंभा प्रखंड में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। कई घर बाढ़ के पानी में डूब चुके हैं। वहीं पटना, मुजफ्फरपुर में गुरुवार सुबह तेज बारिश हुई, वहीं कई जिलों में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने आज सभी जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 50 किमी की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने 28 सितंबर तक अधिकांश जिलों में बारिश की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक, अगले एक हफ्ते में मानसून की बिहार से विदाई हो जाएगी। इसके बाद पुरवा हवा चलने लगेगी। 1 जून से 25 सितंबर तक बारिश का औसत 959.4 मिमी है, जबकि 689.6 मिमी ही बारिश हुई है, जो सामान्य से 28 प्रतिशत कम है।

**बारिश के कारण कटिहार में सीएम का कार्यक्रम रद्दः** सीएम नीतीश कुमार कटिहार के बरारी प्रखंड के दौरा करने के दौरान अलग-अलग कार्यक्रमों में भाग लेने वाले थे। यहां नव निर्मित जिला अतिथि गृह भवन का उद्घाटन होना था। साथ ही टेक लैब और वर्कशॉप का शिलान्यास और उद्घाटन होने वाला था। मुख्यमंत्री गंगा और कोसी के कटाव से प्रभावित और भूमिहीन परिवारों को योजना का लाभ देने वाले थे। पर्चा का वितरण होना था। बता दें कि गंगा और कोसी नदी के जलस्तर में वृद्धि हो रही है।

**मौसम में इन कारणों से हुआ बदलावः** मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम-मध्य और इससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर का क्षेत्र पश्चिमोत्तर दिशा की ओर बढ़ते हुए कमजोर हो गया है। हालांकि, इससे संबंधित साइक्लोनिक सर्कुलेशनअब दक्षिण छतीसगढ़ और इसके आसपास के क्षेत्रों में स्थित है और समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई तक फैला हुआ है, जो ऊंचाई के साथ दक्षिण की ओर झुका हुआ है। उत्तर कोंकण से दक्षिण बांग्लादेश तक, दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर स्थित उपरोक्त चक्रवाती परिसंचरण से होकर एक द्रोणिका (ट्रफ) गुजर रही है और यह समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई तक फैली हुई है, जो ऊंचाई के साथ दक्षिण की ओर झुकी हुई है।

# पटना में बाढ़ पीड़ितों ने अंचल कार्यालय का किया घेराव

**एजेंसी, पटना।**



ग्रामीण बोले- शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान, BDO ने दिया आश्वासन तो हुए शांत

पटना में बाढ़ पीड़ितों ने दानापुर अंचल कार्यालय का घेराव किया। पूरा मामला शाहपुर थाना के क्षेत्र बाढ़ प्रभावित दियारा के गंगहारा गांव का है। दियारा के बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों ने कार्यालय पहुंच जमकर हंगामा किया। हंगामा कर रहे लोगों की माने तो उनके गांव में अभी भी बाढ़ का पानी भरा हुआ है। अभी तक प्रशासन के द्वारा किसी तरह की कोई सहायता मुहैया नहीं करवाई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे गंगाहरा पंचायत में प्रशासन द्वारा न तो राशन सामग्री और न ही तिरपाल की व्यवस्था की गई है। हमलोग दाने-दाने के लिए मोहताज हैं। वहीं अंचल कार्यालय में हंगामा की सूचना पाकर पहुंचे दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने हंगामा कर रहे लोगों को समझा-बूझाकर कर लोगों को शांत करवाया और बाहर बैठने को कहा। इसके बाद दानापुर थानाध्यक्ष ने BDO विभेष आनंद को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंच BDO ने दियारा से आए लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रतिनिधि से बात की। शिला देवी ने बताया कि बाढ़ के कारण हमलोगों का घर डूब गया है। बच्चे खाने-पीने को तरस रहे हैं। हमलोगों को देखने वाला कोई नहीं है। मुखिया, सरपंच से लेकर कोई भी हमारी सुधि लेने नहीं आया। वहीं प्रतिनिधित्व कर रहे गंगाहार पंचायत के वार्ड सदस्य राजकुमारी देवी के बेटे सतेंद्र कुमार ने कहा बाढ़ के पानी के कारण हमारे पंचायत में कई झोपड़ीनुमा मकान डूब गए हैं। हम लोगों को इसको लेकर BDO, CO, मुखिया से भी शिकायत की, लेकिन सरकार के तरफ से कोई सहायता नहीं मिला। इसके बाद हमलोग उग्र होकर अंचल कार्यालय का घेराव करने आए है। हमारी मांग है कि हमे राशन, तिरपाल मुहैया करवाया जाए। इस संबंध में दानापुर BDO वीभेष आनंद ने बताया कि दियारा के गंगाहारा पंचायत के बाढ़ प्रभावित लोग यहां आवेदन देने आए थे।

# राष्ट्रीय महासचिव बने अशोक चौधरी

**एजेंसी, पटना।**



हाल ही में अपने पोस्ट को लेकर कंट्रोवर्सी में रहे ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी का संगठन में प्रमोशन हुआ है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के निर्देश पर उन्हें पार्टी में राष्ट्रीय महासचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। अभी वो नीतीश कैबिनेट में मंत्री हैं। वो संगठन में पहले से ही झारखंड के प्रभारी की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। तीन दिन पहले ही नीतीश कुमार ने लालू यादव का साथ छोड़कर जदयू में शामिल हुए श्याम रजक को भी पार्टी का महासचिव बनाया था। अब अशोक चौधरी को भी जिम्मेदारी सौंपी है। दोनों महादलित जाति से आते हैं। ऐसे में नीतीश कुमार के इस निर्णय को दलित कार्ड के तौर पर भी जोड़कर देखा जा रहा है। नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव के बाद लगातार दलित नेताओं को पार्टी में जोड़ने के साथ दलित नेताओं का कद पार्टी में बढ़ा रहे हैं। संतोष सुमन के मंत्री बनने के बाद भी रत्नेश सदा की कैबिनेट में एंट्री हो या फिर श्याम रजक को पार्टी जॉइन कराना हो। नीतीश लगातार दलित वोटर्स के बीच अपनी पैठ बनाने में जुटे हुए हैं।

# पटना में दो युवकों की पीट-पीटकर हत्या, चोरी का आरोप लगाकर पहले कमरे में बंद कर बेहोश होने तक मारा

**एजेंसी, पटना।**



पटना में दो युवकों की गुरुवार सुबह पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना दीघा थाना क्षेत्र के पॉलसन की है, जहां ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग गोदाम में दो शख्स चोरी करने घुसे थे। इसकी भनक गोदाम मालिक और कर्मियों को लग गई। सभी ने दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। कमरे में बंद कर दोनों की बेरहमी से पिटाई की गई। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। दीघा थानाध्यक्ष दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों को दानापुर अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने गोदाम मालिक सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

**बुधवार शाम 4 बजे घर से निकला था राकेशः** मृतकों की पहचान दीघा इलाके में किराए में रहने वाले राजेश्वर साह के बेटे रोहित साह और दीघा थाना इलाके के पाटिलपुल निवासी उमेश राय के बेटे राकेश राय के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी। मृतक राकेश राय की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। उसने बताया कि कल शाम 4 बजे दही-चुड़ा खाकर वह घर से निकले थे। गुरुवार सुबह पुलिस ने कहा कि राकेश दानापुर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती है। हमलोग यहां पहुंचे तो देखा कि वो मृत पड़े हुए हैं। राकेश के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। वहीं मृतक रोहित साह की पत्नी नीशा देवी ने कहा कि जानकारी मिली कि पति गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। अस्पताल पहुंची तो देखा

**फिर पुलिस को बुलाया**

कि पति की मौत हो गई है।

**गोदाम मालिक सहित चार लोग गिरफ्तारः** SDPO- 2 दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि 26 सितंबर की अहले सुबह 3 बजे के करीब डायल 112 की टीम को सूचना मिली कि पॉलसन रोड स्थित ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग दुकान में चोरी करने घुसे दो चोरों को पकड़कर रूम में रखा गया है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि पकड़े गए दोनों चोर की बेरहमी से पिटाई की गई है। दोनों की नाजुक हालत देखते हुए उन्हें अस्पताल भेजा गया। इस मामले में पिटाई गोदाम मालिक राहुल, उसके ड्राइवर सहित अन्य कर्मियों के द्वारा की गई है। वहीं गोदाम मालिक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। घटनास्थल पर FSL की टीम को बुलाया गया है।

# जगदानंद के घर में प्रीपेड मीटर, बिल में 17% की कमी

**एजेंसी, पटना।**



ऊर्जा मंत्री बोले- आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष फायदे में हैं, कल मीटर उखाड़ने की कही थी बात

स्मार्ट बिजली मीटर के नाम पर पूरे बिहार में लूट मची हुई है। विपक्ष के आरोपों पर ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र यादव ने सफाई दी है। उन्होंने कहा मशीन कैसे बेईमान हो गया। मीटर लगाने वाली कंपनी बिल नहीं लेती है। बिल हमलोग लेते हैं।

**विपक्ष का काम आंदोलन करना हैः** आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह प्रीपेड मीटर उखाड़ने की बात करते हैं, लेकिन वो खुद इसका उपयोग करते हैं। प्रीपेड मीटर से घर को रोशन करते हैं। इतना ही नहीं उनके बहू और बेटे के नाम पर भी प्रीपेड मीटर कनेक्शन है।

**प्रीपेड मीटर लगाने के बाद 17 फीसदी की कमीः** जगदानंद सिंह घर में प्रीपेड मीटर लगवाकर फायदे में हैं। उनके बिजली बिल में 17 फीसदी की कमी आई है। साल 2020 से दिसंबर 2021 और जनवरी 2022 से दिसंबर 2023 के आंकड़ों में यह बचत हुई है। उनकी बहू सरस्वती देवी के कंजप्शन में भी राहत है। उनके बेटे सुधाकर सिंह के नाम पर जरूर इजाफा हुआ है। सुधाकर सिंह बिजली उपभोग भी बढ़ाए हैं।

**मेरा काम घर-घर बिजली पहुंचाना हैः** जगदानंद सिंह मीटर उखाड़ने वाले बयान पर कहा कि ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। विरोधी का काम आंदोलन करना है। मेरा काम बिजली घर-घर पहुंचना है। जो लोग काम नहीं करते, वो आलोचना करते हैं। प्रीपेड मीटर राजनीतिक मुद्दा नहीं है। गांव में बिजली से लोग खुश हैं।

**बिजली खपत का 60 फीसदी उत्पादनः** बिहार में 50 लाख लोगों के घरों में अब तक स्मार्ट मीटर लग चुका है। बड़े पैमाने पर शिकायत होती तो लोग विरोध करते हैं। मीटर तेज चलने की शिकायत बहुत कम है। कुल 20 हजार शिकायतें आई थी। जिसमें से करीब 19 हजार का समाधान हो चुका है। 1912 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। 2025 तक सभी घरों में स्मार्ट मीटर लग जाएगा। सरकार एनटीपीसी से बिजली खरीदती है। इलेक्ट्रिसिटी एक्ट बनाने का अधिकार संसद को है। कुछ लोग पूछते हैं कि कितनी बिजली उत्पादन करते हैं। बिहार में बिजली खपत का 60 फीसदी उत्पादन होता था।

**टेंडर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिया था फैसलाः** ऊर्जा मंत्री ने आगे कहा कि आरोप लगा कि कंपनी की ओर से शोषण किया जा रहा है। किसी भी गरीब को नहीं सताया जा रहा है। विपक्ष के आरोपों में दम नहीं है। सभी आरोप निराधार हैं। विभाग के सीएमडी रहे संजीब हंस पर कार गिफ्ट लेने के आरोपों पर कहा कि इसका कोई सबूत है क्या। टेंडर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मामला गया था। फैसला के बाद टेंडर हुआ है। 8000 मेगावाट बिजली का उपयोग हो रहा है। दुरुपयोग को रोकने के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। हमारे यहां गरीब उपभोक्ता हैं। हमलोग मुफ्त बिजली के खिलाफ हैं। बिहार सरकार की ओर से अब तक 15000 करोड़ रुपए सब्सिडी दी गई है।

# लालू यादव ने पूछा- मांझी मुसहर हैं क्या?

**एजेंसी, पटना।**



केंद्रीय मंत्री ने राजद सुप्रीमो को कहा था गरेड़ी, जाति-डिग्री पर भिड़े बिहार के 2 पूर्व सीएम

बिहार की सियासत में दो दिग्गज नेता और पूर्व सीएम आमने-सामने हैं। मुद्दा है जाति और डिग्री का। मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री और बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने राजद सुप्रीमो लालू यादव की जाति को लेकर सवाल उठाया। मांझी ने लालू यादव को गरेड़ी बताया। अब लालू यादव ने इस पर पलटवार करते हुए उसी स्टाइल में जवाब दिया है। एंजियोप्लास्टी के बाद पटना लौटने पर लालू प्रसाद ने पूछा कि जीतन राम मांझी मुसहर हैं क्या?

**मैं और हमारा बेटा पढ़ें-लिखे हैंः** मांझी ने लालू को जवाब दिया है। उन्होंने अपने एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि हां,हम मुसहर-भुईयां हैं। इससे पहले बुधवार की रात पटना एयरपोर्ट पर मांझी ने लालू- तेजस्वी की डिग्री पर भी सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि मैं और मेरा बेटा तो पढ़े-लिखे हैं। उन लोगों की डिग्री क्या है? इसके साथ ही उन्होंने फिर से कहा कि लालू यादव गरेड़ी हैं। उन्होंने सीएम नीतीश की उम्र को लेकर भी कहा कि मैं सीएम से 4 साल बढ़ा हूं। शरीर बूढ़ा होता है दिमाग नहीं।

**कहां से शुरू हुआ विवादः** दरअसल, 19 सिंतबर को नवादा में जमीन विवाद को लेकर दलित बस्ती में आग लगा दी गई। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस मुद्दा को धर लिया और नीतीश सरकार पर हमलावर हो गए। सरकार के बचाव में जीतन राम मांझी उतरे, उन्होंने कहा कि इस घटना के पीछे यादव की साजिश है। घटना के बाद कितने यादव गिरफ्तार हुए, इसकी भी जानकारी अपने सोशल साइट एक्स पर दी। इसके बाद उन्होंने 19 सिंतबर को एक और पोस्ट किया। उसमें लिखा कि 'विपक्षी दलों के गुंडे हमारे घर, दरवाजों को तोड़ सकते पर हमारे लोगों का हौसला नहीं तोड़ सकते। घर जलाने वाले लोगों के संरक्षक लालू पाल (गरेड़ी) जी आप राजनीति के लिए अपनी जाति छुपा सकते हैं पर हम नहीं। हम गर्व से कहते हैं- "हम मुसहर हैं". लालू जी में हिम्मत है तो वह भी कहकर दिखाएं कि हम गरेड़ी हैं। मांझी की पोस्ट के बाद तेजस्वी और राज्यसभा सांसद मीसा भारती ने पलटवार किया था। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा था कि जीतनराम मांझी और उनका बेटा आरएसएस स्कूल से पढ़े लिखे हैं, जो आरएसएस कहता है वही बोलते हैं। वो लोग सच नहीं जानना चाहते हैं। वो तो केंद्रीय मंत्री हैं सीएम से जाकर मिलें। जिसने आग लगाई है उसको जेल में डालो, लेकिन बिना तथ्यों के कुछ भी नहीं बोलना चाहिए। वहीं मीसा भारती ने कहा कि लगता है कि अब पूरे बिहार को मांझी जी से सर्टिफिकेट लेना होगा।

**वंशावली जारी करें लालूः** हम पार्टी के प्रवक्ता श्याम सुंदर शरण ने कहा कि लालू यादव दलित विरोधी मानसिकता के हैं। नरेन्द्र मोदी ने निचले तबके के नेता को केन्द्र में मंत्री बनाया। राजद ने आज तक किसी दलित को राज्य सभा नहीं भेजा। लालू प्रसाद अपनी तीन पीढ़ियों की वंशावली जारी करें कि वो यादव हैं। लालू प्रसाद यादवों को भी ठगने का काम कर रहे हैं।

# पटना में 4 लोगों से 1.60 करोड़ की ठगी

♦ रिटायर्ड इंस्पेक्टर को दिया शेयर में निवेश करने का झांसा, डिस्काउंट का लालच देकर उड़ाए 4.10 लाख

**एजेंसी, पटना।**



पटना में इन दिनों शेयर में निवेश कर ज्यादा मुनाफा की लालच में लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। साथ ही साथ पटना में रोज अलग अलग तरीकों से लोगों के साथ साइबर फ्रॉड हो रहा है। पटना में एक ही दिन में 4 लोगों से 1 करोड़ 60 लाख की ठगी हुई है। किसी ने ऑनलाइन तो किसी ने साइबर थाना पहुंच कर मामला दर्ज कराया है। पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले रिटायर्ड इंस्पेक्टर राम विनोद शर्मा को शेयर में निवेश करने का झांसा देकर ठगों ने अपना शिकार बनाया है। ठगों ने एक महीने में रिटायर्ड इंस्पेक्टर से 1 करोड़ 25 लाख रुपए की ठगी कर ली। रिटायर्ड इंस्पेक्टर ने बताया कि रवि अग्रवाल नाम के एक व्यक्ति से उन्हें व्हाट्सएप के जरिए संपर्क हुआ। उसका मैसेज हमेशा आता था। एक बार मैंने रिप्लाई कर दिया। फिर बात होने लगी। संपर्क किया। उसने मुझे शेयर में निवेश करने पर ज्यादा मुनाफा का लालच दिया। बाद में रवि अग्रवाल ने राम विनोद का एक फर्जी कंपनी की वेबसाइट पर डीमेट अकाउंट खुलवा दिया। उस अकाउंट में उनका पैन कार्ड, खाता नंबर और आधार कार्ड को जोड़ दिया। राम विनोद को लगा कि शेयर में निवेश करने पर लाभ मिलेगा। शातिरों ने उनसे धीरे-धीरे कर शेयर में 1.25 करोड़ का निवेश करा दिया। राम विनोद ने जब इसमें से कुछ पैसा निकालना चाहा तो ठगी का पता चला। जिसके बाद साइबर थाना पहुंच कर मामला दर्ज कराया है।

**निजी कंपनी का कर्मी बनकर ठगीः** दूसरे मामले में बिहटा थाना क्षेत्र के कटेसर के रहने वाले दिनेश कुमार से ठगी हुई है। ठगों ने निजी कंपनी का कर्मी बन कर फ्लिपकार्ट से साझा होने और उसके प्लेटफॉर्म पर काम करने का झांसा दिया। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी डिजिटल मार्केटिंग और टेक्नोलॉजी के पार्टनरशिप के रूप में फ्लिपकार्ट के साथ काम करेगी। सारा काम ऑनलाइन करना होगा और इसके बदले आपको घर बैठे बैठे अच्छा मुनाफा होगा। दिनेश कुमार को अच्छा लगा। दिनेश ने 4 बार में 18 लाख रुपए दे दिया। उसके बाद ठग और पैसों की मांग करने लगे। मना करने पर अपना नंबर और वेबसाइट दोनों बंद कर लिया। जिसके बाद साइबर थाना में मामला दर्ज किया गया।

**डिस्काउंट का लालच देकर 4.10 लाख की ठगीः** तीसरे मामले में राजीव नगर थाना क्षेत्र के रहने वाले ललित कुमार शर्मा से ठगों ने 4.10 लाख की ठगी कर ली। ठगों ने एक लिंक भेजा और कहा की खोलने कर भर दीजिए। आपको कुछ अंक मिलेगा, जिससे आपको किसी भी मॉल में खरीदारी करने पर 10 से 30% का डिस्काउंट मिलेगा। लिंक खोलते हीं खाते से 3 बार में पैसे कट गए। मामले थाना में दर्ज कराया गया है। ललित ने बताया की पुलिस को सूचना मिलते ही 1.10 लाख रुपया होल्ड करा दिया है। फिलहाल वो पैसा मिला नही है।

**पेट्रोल पंप खोलने के नाम पर ठगीः** वहीं चौथे मामले में खेमनीचक आदर्श नगर में रहते वाले मनोरंजन कुमार को पेट्रोल पंप खोलने का झांसा देकर 13 लाख रुपए ठग लिए। मनोरंजन ने बताया कि उन्होंने बीपीसीएल में पेट्रोल पंप खोलने के लिए ऑनलाइन आवेदन दिया था। इसके बाद ही उन्हें फोन आ गया और बताया कि बीपीसीएल के मुंबई ऑफिस से बोल रहा हूं। इसके बाद कई तरह के खर्च बता कर अलग-अलग अकाउंट पर पैसे डलवा लिए। उसके बाद उन लोगों का मोबाइल नंबर बंद हो गया तब पता चला कि ठगी हो गई है। थाना में मामला दर्ज कराया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के सहायक मैनेजर से लूट का पुलिस ने किया खुलासा

**चाणक्य भूमि, गौनाहा।** बेतिया पुलिस अंतर्गत अनुमंडल पुलिस नरकटियागंज के मटियरिया क्षेत्र में उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के सहायक मैनेजर से लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। उपर्युक्त घटना में संलिप्त 01 युवक को 01 देशी कट्टा एवं 02 जिन्दा कारतुस के साथ बेतिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दिनांक 21सितंबर 2024 को मटियरिया थानान्तर्गत बेलसण्डी उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के सहायक मैनेजर को अज्ञात लुटेरों ने गोली मारकर घायल कर बाइक, बैग एवं मोबाईल लूट लिया। इस संदर्भ में पीड़ित के बयान पर अज्ञात के विरुद्ध मटियरिया थाना काण्ड संख्या-105/2024, दिनांक-22.09.2024, धारा-109/309 (4) भान्यासं एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया। उपर्युक्त घटना के सफल उभेदन एवं घटना में संलिप्त युवकों की गिरफ्तारी तथा लूटे गये सामानों की बरामदगी के लिए पुलिस अधीक्षक, बेतिया ने अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी नरकटियागंज, बेतिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम (एसआईटी) का गठन किया गया। गठित विशेष टीम ने तकनीकी, वैज्ञानिक एवं मैनुअल अनुसंधान के क्रम में घटना में संलिप्त युवक मो. साहेब मियाँ, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता सैफूल मियाँ उर्फ हारुन मियाँ, लछनौता, थाना मटियरिया, पश्चिम चम्पारण, बेतिया को 01 देशी कट्टा, 02 जिन्दा कारतूस एवं 01 लूटी गई बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक की निशानदेही पर लूट की घटना में प्रयुक्त 01 लाल रंग की अपाची बाइक, फरार लुटेरा के घर से बरामद किया गया। बरामद हथियार के संदर्भ में मटियरिया थाना काण्ड संख्या-106/2024, दिनांक-25.09.2024, धारा-25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अपराधकर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार मो साहेब का अपराधिक इतिहास बताया गया है, मटियरिया थाना काण्ड संख्या-105/2024, दिनांक-22.09.2024, धारा-109/309 (4) भान्यासं एवं 27 आर्म्स एक्ट अंकित है। पुलिस की छापामारी टीम में पुनि ज्वाला सिंह, प्रभारी तकनिकी शाखा, बेतिया, पुनि रमेश कुमार शर्मा तकनिकी शाखा, बेतिया, पुनि विनोद कुमार, थानाध्यक्ष, गौनाहा थाना, पुअनि अंकित कुमार दास, थानाध्यक्ष, मटियरिया थाना, सिपाही/कमलेश कुमार / बब्लू कुमार, तकनिकी शाखा, बेतिया, तकनिकी शाखा छापामारी दल एवं मटियरिया/ गौनाहा थाना रिजर्व गार्ड शामिल रहे।

### परिवार नियोजन के साधनों के प्रति जागरूकता के लिए मनाया जाता है विश्व गर्भनिरोध दिवस



**चा ० भूमि मोतिहारी।** परिवार नियोजन के साधनों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व गर्भनिरोध दिवस कार्यक्रम का आयोजन जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर आयोजित किया गया है।वहीं मोतिहारी के सदर अस्पताल परिसर में जिले के सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिँह, डीएस डॉ विजय कुमार वर्मा एवं स्वास्थ्य प्रबंधक कौशल दुबे ने संयुक्त रूप से विश्व गर्भनिरोध दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।मौके पर सीएस ने कहा की कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य से जिले की बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण, वहीं उन्होंने कहा की युवाओं को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना जरुरी है। उन्होंने बताया की स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय- समय पर स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से जागरूकता निकाली जाती है, स्थायी व अस्थायी साधनों के उपयोग की जानकारी दी जाती है।सिविल सर्जन ने बताया की विश्व गर्भनिरोध दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर सहयोगी संस्था के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य गर्भनिरोधक के उपयोग से होनेवाले लाभ को आमजन तक पहुंचाने एवं यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य विषय पर जानकारी और जागरूकता फैलाना है। परिवार नियोजन हेतु उपलब्ध विभिन्न गर्भनिरोधक उपायों से आमजन में जागरूकता फैलाना, गर्भनिरोधक के बास्केट ऑफ़ चॉइस से आमजन को जागरूक कराना तथा गर्भनिरोधक को अपनाने से होनेवाले लाभ से अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कराया जाना है।डीसीएम नन्दन झा ने बताया की विश्व गर्भनिरोधक दिवस के अवसर सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर जागरूकता कार्यक्रम के साथ परिवार नियोजन सामग्रीयों कंडोम,माला, छाया, गर्भनिरोधक दवाओं, का वितरण किया गया। सेंटर फॉर कैटेलाईजिंग चेंज के सहयोग से अतरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, लक्ष्मीपुर और ढेकहां, मोतिहारी में परिवार नियोजन पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता बैठक और रैली का आयोजन किया गया।विश्व गर्भनिरोधक दिवस 2024 के थीम परिवार नियोजन "सभी लिए एक विकल्प" के आधार पर समुदाय के लोगो को जागरूक किया गया।कार्यक्रमों में मुखिया और पंचायत समिति सदस्य के द्वारा बताया गया की अवांछित गर्भधारण को रोका जा सकता है, सुरक्षित यौन संबंध के बारे में लोगों को जानकारी देना, इसके साथ ही कम उम्र में होने वाली शादी के नुकसानों के बारे में गांव-गांव के लोगों को बताना है, विश्व गर्भनिरोधक दिवस का एक अहम लक्ष्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकने की दिशा में जागरुकता पैदा करना है।मौके पर सदर स्वास्थ्य प्रबंधक संध्या कुमारी, डॉ. प्रभात कुमार, सीएचओ शंकर लाल, विनोद कुमार, सी3 के जिला प्रतिनिधि आदित्य कुमार, पीएसआई के अमित कुमार,पिरामल से अरविन्द कुमार, संजीव कुमार,पंचायत समिति सदस्य राम सिंह छतौनी माला देवी, रीता देवी, पश्चिमी ढेकहां, मुखिया सीता देवी,परिवार नियोजन काउंसलर, आशा फेसिलेटेटर, आशा, जन अरोग्य समिति के सदस्य अन्य लोग उपस्थित थें।

# आशा फैसिलिटेटर घर-घर जाकर कर रहीं है कुष्ठ रोगियों की खोज

चाणक्य भूमि,मोतिहारी

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मोतिहारी शहर स्थित सदर प्रखंड के रामगढ़वा पंचायत क्षेत्र में कुष्ठ रोगियों की खोज के लिए अभियान की शुरुआत की गई है।

इस अभियान में आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की टीम के साथ आशा फैसिलिटेटर बबिता देवी घर- घर जाकर लोगों से मिलते हुए कुष्ट के लक्षण के बारे जानकारी देते हुए लोगों से शारीरिक स्थिति की जानकारी ले रहीं है।फैसिलिटेटर बबिता देवी ने बताया की स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार घर-घर जाकर लोगों को

### कुष्ठ रोग के शुरुआती लक्षणः

- –शरीर का कोई भी हिस्सा सुन्न होना
- – स्पर्श महसूस न होना
- – सूई या पिन चुभने जैसा महसूस होना
- – वजन कम होना
- – शरीर पर फोड़े या लाल व सफेद चकत्ते बनना, जोड़ में दर्द होना
- – बाल झड़ना, त्वचा पर पीले रंग के घाव या धब्बे बनना आदि।

बतातीं हुँ की शरीर के किसी भी हिस्से में अगर कोई सुन्नपन,दाग धब्बा हो, जिसका रंग चमड़ी के रंग से हल्का हो तो वह कुष्ठ हो सकता है। इसका समय से पहचान होने पर सरकारी अस्पताल में इसका निःशुल्क इलाज संभव है, वहीं लोगों को बताया जाता है की अगर इसके लक्षण है तो छुपाए नहीं इलाज में देरी होने पर यह दिव्यांगता का कारक बन जाती है, लोगों को इस कष्टदायक बीमारी से बचाव को आगामी 02 अक्टूबर तक कुष्ठ रोगियों की खोज अभियान चलाई जा रहीं है ताकि कुष्ठ रोग का जड़ से सफाया हो सकें।वहीं जांच में कुष्ठ की पुष्टि होने के बाद रोगियों की पहचान गोपनीय रखी जाती है।कुष्ठ रोग से ग्रस्त व्यक्ति यदि किसी के साथ लंबे समय तक रहता है और वह दूसरे का तौलिया, चादर आदि इस्तेमाल करता है, तो इससे रोग फैलने का खतरा रहता है। मजदूर, श्रमिक वर्ग में इस तरह की रोग के फैलने की संभावना ज्यादा रहती है।

सदर अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुष्ठ रोगियों का होता है इलाज

जिले के अपर मुख्य चिकित्सा



पदाधिकारी सह सदर पीएचसी प्रभारी डॉ श्रवण कुमार पासवान ने बताया कि अभियान की सफलता को लेकर आशाओं को निर्देश दिया गया है कि घर-घर जाकर लोगों को कुष्ठ के बारे में जागरूक करते हुए रोगियों की खोज करें। उन्होंने बताया कि सघन कुष्ठ रोगी खोज अभियान को लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति ने गाइडलाइंस जारी की है।उन्होंने बताया की कुष्ठ रोग का इलाज संभव है। इसके लिए एमडीटी की टैबलेट ली जाती है। रोगियों को नियमित दवा सेवन की सलाह दी जाती है।

# एसएसबी ने तेंदुए की खाल को किया बरामद



चाणक्य भूमि

**नरकटियागंज।** 44 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के वाहय सीमा चौकी भिखनाठोरी,जी समवाय ने अपने कार्यक्षेत्र मे पूर्व असूचना के आधार पर सीमा स्तम्भ संख्या- 435 के समीप लगभग 200 मीटर अंदर भारत मे SSB और वन विभाग फॉरेस्ट दोनों ने संयुक्त स्पेशल नाका लाया गया था,नाका के दौरान SSB के उप निरीक्षक रमेश चंद्र थावल ने अपनी टीम के साथ नेपाल से भारत की तरफ आ रहे दो मोटर साईकिल वाले व्यक्ति को रोका तो वह भागे की कोशिस करने लगे तो टीम ने चारो तरफ से घरा बना कर धरदबोचा पकडे गए व्यक्ति एवं मोटर साईकिल की तालासी लेने पर उनके पास से तेंदुए की खाल बरामद हुई जिस पर वन संरक्षण अधिनियम के तहत त्वरित उचित कार्यवाही करते हुए समवाय प्रभारी को सूचना दी समवाय प्रभार बी.एस. जडेजा द्वारा बताया गया की पूर्व असूचना के आधार पर यह नाका लगाया गया था जिसमे पकड़े गए अभियुक्त की पहचान नवल किशोर साहनी, उम्र 20 वर्ष, पुत्र बिष्णु देव साहनी, ग्राम मचगांव, पोस्ट-कालिया सदर, पुलिस स्टेशन-असमटोल, जिला बारा,(नेपाल) एवं दूसरा अभियुक्त सेरिंग दोर्जे लामा, उम्र 40 वर्ष, पुत्र छोटे तमांग, ग्राम-जैतापुर, पोस्ट-कालिया, थाना-जैतापुर, जिला-जैतापुर (नेपाल) के रूप मे हुई है अभियुक्त तेंदुए की खाल को नेपाल से भारत की तस्करी करने के लिए ला रहा था इस खाल को बेंच कर वह मोटी रकम कमाने के फिराक मे था पकडे गए अभियुक्त को मय अबैध खाल सहित नजदीकी फारेस्ट ऑफिस, वन परिसर पदाधिकारी ठोरी वन परिसर ठोरी को न्यायिक हिरासत के लिए सुपुर्द कर दिया गया है स्थानीय जनता का कहना हैं कि SSB द्वारा लगातार अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सीमा पर किए जा रहे विशेष से सीमा पर अबैध कार्य के आवागमन पर अंकुश लगा हैं एवं तस्करी मे लिप्त लोगों मे खलबली मची है, इस कार्य से सीमा पर तस्करी मे भी गिरावट देखा जा रहा हैं।

# दुर्गापूजा की तैयारी जोरों पर, भक्तों में उत्साह

चा ० भूमि, मधुबनी

अनुमंडल शहर जयनगर में दुर्गा पूजा को लेकर तैयारी जोर- शोर से शुरू हो गई है। तीन अक्टूबर से शुरू होने वाले शारदीय नवरात्र को अब कुछ ही दिन शेष रह गए है। जयनगर मुख्यालय से लेकर गांव तक पूरे जयनगर प्रखंड में विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा पूजा पंडाल निर्माण की तैयारी अभी से ही शुरू कर दी गई है। इसके लिए बाहर से आए कारीगरों ने अभी से ही बांस-बल्ला से पंडाल बनाना शुरू कर दिया है तथा मुख्य द्वार को बेहद आकर्षक लुक देने में लग गए हैं। इस बार तीन अक्टूबर को पहली पूजा के साथ दुर्गापूजा की शुरूआत हो जायेंगी। जिसको लेकर प्रखंड मुख्यालय सहित मेन रोड जयनगर, आईबी, स्टेशन परिसर, जयनगर बस्ती, बेला, देवधा, दुल्लीपट्टी गांव सहित अन्य जगहों पर मां दुर्गा की मूर्तियों को मूर्त रूप देने के लिए इन दिनों बाहर से आए मूर्तिकार



दिन रात काम में जुटे हैं और इस पर्व को लेकर प्रखंड से लेकर गांव की जगह- जगह पर पंडाल निर्माण करवाया जा रहा है तथा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर भव्य मेला का आयोजन किया जाएगा।

# मोबाइल नंबर अपडेट कराएं, मिलेगी परिवहन विभाग की विभिन्न सेवाओं की जानकारी

चाणक्य भूमि बेतिया/मझौलिया

**बेतिया/मझौलिया।** अब तक आपने वाहन रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं कराया है तो शीघ्र ही मोबाइल नंबर अपडेट कर लें। मोबाइल नंबर अपडेट नहीं रहने पर वाहन का पॉल्यूशन सर्टिफिकेट नहीं बनवा सकते हैं और ऐसी स्थिति में जुर्माना देना पड़ सकता है। इसके साथ ही परिवहन विभाग की विभिन्न सेवाओं की जानकारी से वंचित होंगे। इस संबंध में परिवहन सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने जिला परिवहन पदाधिकारी को वीडियो कांफ्रेंसिंग से बैठक कर वाहन मालिकों से मोबाइल नम्बर अपडेट सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जिला परिवहन पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण ने बताया कि परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल के निर्देश के आलोक में विशेष अभियान चला कर वाहन रजिस्ट्रेशन में वाहन मालिकों का मोबाइल नंबर अपडेट कराया जा रहा है। इसके लिए ऑनलाइन एवं जिला परिवहन कार्यालय में भी अपडेट कराने की सुविधा प्रदान की गई है।

वाहन रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट में जिनका मोबाइल नम्बर अपडेट नहीं है उन सभी वाहन मालिकों से परिवहन सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने अपील की है कि ससमय मोबाइल नंबर अपडेट करा लें ताकि परिवहन विभाग और रोड सेफ्टी से संबंधित योजनाओं की जानकारी एवं सूचना निर्वाध रूप से दी जा सके। मोबाइल नंबर अपडेट नहीं रहने पर संबंधित वाहन मालिकों पर मोटरवाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी।

**मुख्यालय स्तर पर जारी किया गया है हेल्प डेस्क नंबर**–मोबाइल नंबर अपडेट करने या संशय की स्थिति में परिवहन विभाग के हेल्प डेस्क नंबर पर कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा नंबर जारी किया गया है। कार्यालय अवधि में परिवहन विभाग के हेल्पडेस्क नंबर 06122547212 पर कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**घर बैठे भी अपडेट कर सकते हैं मोबाइल नंबर**–वाहन रजिस्ट्रेशन या ड्राइविंग लाईसेंस बनाने के समय का लिंक्ड मोबाइल नंबर अगर उपयोग में नहीं है या नया नंबर अपडेट करना चाहते हैं तो घर बैठे ही आसानी से मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते है

**क्या है प्रावधान**–मोटरवाहन अधिनियम की धारा 49 में निहित प्रावधान के अनुसार वाहन मालिक द्वारा यदि रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र में अभिलिखित निवास स्थान बदला जाता है तो अपने नये पते की सूचना 30 दिनों के अंदर सक्षम प्राधिकार को उपलब्ध कराया जाना है। इसके उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई का प्रावधान है।

**आधार से लिंक मोबाइल नंबर देना होगा**–मोबाइल नंबर अपडेट कराने के लिए आधार से लिंकड मोबाइल नंबर देना होगा। अपडेट कराने की सुविधा परिवहन सेवा पोर्टल पर उपलब्ध है। नंबर अपडेट नहीं होने की स्थिति में संबंधित वाहन का पॉल्यूशन सर्टिफिकेट भी नहीं बना सकेंगे।

वाहन रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट में मोबाइल नंबर अपडेट होने से वाहन के पॉल्यूशन सर्टिफिकेट एवं इन्श्योरेंस की तिथि की समाप्ति की सूचना मिलेगी, जिससे समय पर इसका नवीनीकरण करा सकते हैं और जुर्माना से बच सकते हैं।

मोबाइल नंबर अपडेट होने से यातायात उल्लंघन/मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न धाराओं के उल्लंघन किये जाने पर ई चालान की सूचना मोबाइल पर मिलेगी। वाहन से संबंधित किसी भी जुर्माने की सूचना मिलेगी, जिससे आप समय पर इसका भुगतान कर सकते हैं और जुर्माना से बच सकते हैं।

# मतदान केंद्रों के युक्तिकरण को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

चा ० भूमि,मधुबनी

निर्वाचक सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के क्रम में पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के अंतर्गत मतदान केंद्रों के युक्तिकरण को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिले के सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं माननीयों के साथ बैठक किया। इस बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से प्राप्त आपत्तियों के आलोक में विस्तृत चर्चा किया। इस संबंध में कई प्रतिनिधियों के द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। बैठक के दरम्यान जर्जर मतदान केंद्रों को अनिवार्य रूप से निकटतम सही भवन में स्थानांतरित करने तथा दो किलोमीटर से अधिक की दूरी के मतदाताओं को निकटतम



मतदान केंद्र से संबद्ध करने, चलंत मतदान केंद्रों को निकटतम उपलब्ध नवनिर्मित मतदान केंद्रों में स्थापित करने आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। उक्त बैठक में डीडीसी दीपेश कुमार, डीपीआरओ परिमल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी परिमल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपट्टी मनीषा, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# बिना वजन का डीलरों को हो रहा राशन की आपूर्ति ,राशन वितरण में लाभुक उठायेंगे खामियाजा



चा ० भूमि,मैनाटांड़

एक तरफ सरकार जहां गरीबों को उनके दरवाजे पर ही फ्री में राशन उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है ।तो दूसरी तरफ मैनाटांड़ प्रखंड कार्यालय स्थित गोदाम से बिना वजन किए हुए चावल के बोरों को डीलरों के पास पहुंचाने की कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में उक्त चावल के बोरों को जो बिना वजन किये हुये उनके दरवाजे पर पहुंचाए जा रहे हैं। वैसी परिस्थिति में पीडीएस दुकानदार सरकार के द्वारा तय किया हुआ वजन में कैसे राशन उपलब्ध करा सकेंगे । प्रखंड कार्यालय स्थित गोदाम से जितने भी डोर स्टेप डिलीवरी के वाहनों पर राशन की बोरियों को लोड किया जा रहा है,किसी भी बोरे का वजन नहीं हो रहा है।साथ ही सभी ट्रैक्टर ट्रालियों और ट्रकों पर मानक का उल्लंघन करते हुये ओवरलोड भी किया जा रहा है। जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने कहा कि गोदाम से ओवरलोड पर अंकुश लगाया जायेगा।साथ ही बोरों के वजन करने के तौल मशीन किस परिस्थिति में नहीं है।इसकी जांच कराते हुये तौल मशीन लगायी जायेगी।

# आपसी विवाद में युवक को कुदाल से सर पर मार किया घायल, स्थिति नाज़ुक, घायल पटना रेफर

चा ० भूमि,मैनाटाड़

इनरवा थाना क्षेत्र के सिहासनी गांव से सटे माई स्थान परिसर में साफ सफाई को लेकर हुये विवाद में सोलह वर्षीय युवक को तीन युवकों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।घटना गुरुवार के शाम पांच बजे का है।घायल युवक सिंहासनी के मनाई यादव का पुत्र कुंदन कुमार बताया जाता है। वहीं सूचना मिलते ही इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की बावत जानकारी ली।साथ ही छापेमारी कर कुदाल से कुंदन कुमार को मारकर



गंभीर रूप से घायल कर देने के मामले में नीतीश कुमार और गुड्डू कुमार को हिरासत में ले लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि एक और युवक की तालाश की जा रही है।साथ ही मारपीट में प्रत्युत्त कुदाल की भी खोज की जा रही है। वहीं प्रभारी डॉ विजय कुमार चौधरी ने बताया कि घायल कुंदन कुमार के सर में कई जगह कट गये है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। कुंदन कुमार की स्थिति चिंताजनक है।जानकारी के अनुसार सिहासनी के चार युवक सिंहासिनी माई स्थान के समीप नवरात्र को लेकर साफ सफाई में लगे थे।उसी दौरान कहासुनी को लेकर मारपीट हो गयी। मारपीट में कुदाल से कुंदन कुमार के सर पर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के आयोजित

चा ० भूमि मोतिहारी

जन शिक्षण संस्थान द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत एक कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को निदेशक दिनेश कुमार के द्वारा कचरा प्रबंधन के बारे में बताया गया । उनके द्वारा बताया गया कि स्वच्छता अभियान चलाकर सिर्फ सफाई करने से ही स्वच्छता नही आती ,हम सबों के घर से रोज कचरा निकलता है जिसे हम कही फेकते है । इस तरह से हम अपने घर का कचरा साफ कर लेते है लेकिन उसी कचरे को खाकर पशु पक्षी कभी कभी मार जाते है क्योंकि




उसमे पॉलिथीन प्लास्टिक आदि भी रहता है । इस लिए हमें अपने घर के कचरे से भी खाद तैयार किया जा सकता हैं। हम सभी आज यह प्रण ले की पॉलिथीन प्लास्टिक का उपयोग बन्द करके कपड़े का बैग उपयोग करे । जो की प्रकृति को भी नुकसान नहीं पहुंचा पाए ।इस अवसर पर पेरेंट स्वयं सेवी संस्था निर्देश द्वारा कपड़े का बैग दिया गया । सभी प्रतिभागी पॉलिथीन प्लास्टिक उपयोग नहीं करने का शपथ लिया ।

# शाकिब ने टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लिया, कानपुर में भारत के खिलाफ हो सकता है उनका आखिरी टेस्ट

एजेंसी, कानपुर



बांग्लादेश के हरफनमौला खिलाड़ी शाकिब अल हसन ने गुरुवार को टी20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की और यह भी पुष्टि की कि वह अगले महीने ढाका में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच के बाद टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास ले लेंगे। भावुक शाकिब ने गुरुवार को यह घोषणा भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच से पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। उन्होंने कहा, "नए खिलाड़ियों को लाने का यह सही समय है। टी20आई के लिए भी यही दृष्टिकोण है। मैंने मुख्य चयनकर्ता और बीसीबी अध्यक्ष से बात की है और हम सभी को लगा कि आगे बढ़ने और नए खिलाड़ियों को मौका देने का यह सही समय है।"

शाकिब ने खुलासा किया कि उन्होंने मीरपुर में अपने घरेलू दर्शकों के सामने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने की इच्छा जताई है। हालांकि, अगर उनकी इच्छा पूरी नहीं होती है, तो भारत के खिलाफ मैच टेस्ट क्रिकेट में उनका आखिरी मैच होगा। शाकिब ने कहा, "मैंने मीरपुर में अपना आखिरी टेस्ट खेलने की इच्छा जताई है, अगर ऐसा नहीं होता है, तो भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट मेरा आखिरी टेस्ट होगा।" उन्होंने आगे कहा, "बांग्लादेश क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और मैं इस प्रारूप में अपना आखिरी टेस्ट मैच घर पर ही देना चाहता हूँ।" हालांकि, वह फ्रेंचाइजी लीग में खेलना जारी रखेंगे और राष्ट्रीय टीम में वापसी की संभावना से इनकार नहीं करते। उन्होंने कहा, "लेकिन अभी के लिए, आप कह सकते हैं कि मैं दोनों प्रारूपों से आगे बढ़ रहा हूं। अगर मैं टी20 लीग में अच्छा प्रदर्शन करता हूं और बीसीबी को लगता है कि उन्हें एक निश्चित समय के लिए टीम में मेरी जरूरत है, तो हम विचार कर सकते हैं। लेकिन अभी के लिए, यही है।" शाकिब ने बांग्लादेश के लिए 129 टी-20आई मैचों में हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने 121.18 की स्ट्राइक रेट से 2,551 रन बनाए। हालाँकि, गेंद के साथ उनका प्रभाव टीम के लिए अधिक महत्वपूर्ण साबित हुआ। 126 पारियों में, शाकिब ने 149 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/20 रहा है। दिलचस्प बात यह है कि शाकिब अल हसन का टेस्ट डेब्यू भी भारत के खिलाफ हुआ था। बांग्लादेश के लिए उनका पहला रेड-बॉल प्रदर्शन मई 2007 में चटगाँव में हुआ था, और तब से, उन्होंने अपने देश के लिए 70 टेस्ट मैच खेले हैं। अपने नाम एक शानदार रिकॉर्ड के साथ, शाकिब ने 4,600 रन बनाए हैं, जिसमें पाँच शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं, जिससे वह बांग्लादेश के टेस्ट इतिहास में तीसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं - एक ऐसा स्थान जिसे शाकिब के अपने टेस्ट करियर के अंत तक बनाए रखने की संभावना है। गेंदबाजी के मोर्चे पर, शाकिब टेस्ट क्रिकेट में बांग्लादेश के सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ हैं, जिन्होंने 242 विकेट लिए हैं। वह टेस्ट में 200 विकेट का आंकड़ा पार करने वाले अपने देश के एकमात्र गेंदबाज़ हैं, जिससे बांग्लादेश के बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक के रूप में उनकी विरासत और मज़बूत हुई है।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम में मेरा स्वप्निल पदार्पण था : गुरजोत सिंह

एजेंसी, बेंगलुरु




19 वर्षीय गुरजोत सिंह ने हाल ही में चीन के मोकी में आयोजित हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए पदार्पण किया। युवा फॉरवर्ड को साई में ट्रायल के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के बाद जूनियर टीम से बुलाया गया था, जबकि हरमनप्रीत और उनकी टीम ओलंपिक के लिए पेरिस में थी। गुरजोत ने हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के सभी 7 मैच खेले और हालांकि वह एक भी गोल नहीं कर पाए, लेकिन उन्होंने खुद को साबित किया और मैदान पर बहुत समर्पण और कड़ी मेहनत दिखाई। हॉकी इंडिया की ओर से जारी एक बयान में गुरजोत ने कहा, "सीनियर टीम में माहौल बहुत अच्छा है, सभी सीनियर बड़े भाइयों की तरह हैं जो ज़्यादातर समय माहौल को हल्का रखते हैं। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में मेरा डेब्यू एक सपने जैसा था। मैं चीन के खिलाफ खेलने के लिए उत्साहित था, मुझे लगा कि मैं अपने डेब्यू पर गोल करूँगा, लेकिन भले ही मैं गोल न कर सका, लेकिन मैंने खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और यह एक अच्छा प्रदर्शन था। खेल से पहले हरमनप्रीत सिंह ने मुझे आश्वस्त किया कि ज़्यादा सोचने या डरने की ज़रूरत नहीं है; मुझे बस वैसा ही खेलना है जैसा मैं आमतौर पर कैंप में खेलता हूँ, आज़ादी से खेलना है और गलतियाँ करने के बारे में नहीं सोचना है।" गुरजोत पंजाब के एक छोटे से गाँव हुसैनाबाद से हैं। उनके पिता पास के एक गाँव में दूधवाले हैं, उनकी माँ गृहिणी हैं और उनकी बहनें अपनी पढ़ाई कर रही हैं। बचपन में गुरजोत बहुत शरारती थे। जब वह 6 साल के थे, तब उनकी साइकिल दुर्घटना हो गई थी, जिससे उनकी जान को ख़तरा था। दुर्घटना में उनके सिर के पिछले हिस्से में सात टांके लगे थे। उस दुर्घटना को याद करते हुए उन्होंने कहा, "दुर्घटना के बाद, कुछ सालों तक मुझे थोड़ी कमजोरी रही, लेकिन जब मैं 10 साल का हुआ, तो मैं पूरी तरह से ठीक हो गया और पास के एक सरकारी स्कूल में पढ़ने लगा। स्कूल में, मैंने देखा कि हॉकी खेलने वाले बच्चों को थोड़ी ज़्यादा आज़ादी मिलती थी। वे क्लास में देर से आते और अभ्यास के लिए थोड़ा जल्दी चले जाते, इसलिए मैंने सोचा कि क्यों न इस खेल में हाथ आजमाया जाए।" 2020 तक गुरजोत को अपने पिता का हाथ बंटाने के लिए चप्पल बनाने वाली फैक्ट्री में काम करना पड़ा। वह सुबह अभ्यास करते और रात में काम। उसी साल बाद में, एक स्थानीय टूर्नामेंट में, गुरजोत का सामना भावी टीम के साथियों अभिषेक और सुखजीत से हुआ।

# प्रो कबड्डी लीग का 11वां सीजन 18 अक्टूबर से

एजेंसी, नई दिल्ली

प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का 11वां संस्करण 18 अक्टूबर, 2024 से शुरू होगा। रितेश देशमुख, सुदीप किच्चा, आलिया भट्ट, भुवन बाम और क्रिकेट स्टार केएल राहुल और हार्दिक पांड्या जैसी कई हस्तियां लीग में दिखाई दे सकती हैं। इस सेलिब्रिटी समूह में सबसे आगे पीकेएल के ब्रांड एंबेसडर रितेश देशमुख और सुदीप किच्चा हैं। महाराष्ट्र के बॉलीवुड अभिनेता रितेश राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दोनों तरह की अपील लेकर आते हैं जो देश भर के प्रशंसकों से जुड़ती है। पीकेएल की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कन्नड़ सिनेमा की एक बड़ी हस्ती सुदीप किच्चा कर्नाटक में उत्साही प्रशंसक आधार को उत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बॉलीवुड सुपरस्टार आलिया भट्ट और डिजिटल सनसनी भुवन बाम भी सितारों से सजी इस सूची में शामिल हैं। आलिया भट्ट अपनी व्यापक अपील और प्रभाव के साथ युवा पीढ़ी को कबड्डी से जुड़ने के लिए प्रेरित करने के लिए तैयार हैं। डिजिटल स्पेस में अग्रणी भुवन बाम अद्वितीय सामग्री सहयोग के माध्यम से पारंपरिक खेल प्रशंसकों और डिजिटल-प्रथम दर्शकों के बीच की खाई को पाटेंगे। भारत के दो सबसे बड़े जुनून- क्रिकेट और कबड्डी के मेल से देश के कुछ शीर्ष क्रिकेटर लीग का समर्थन करने के लिए आगे आए हैं। केएल राहुल और हार्दिक पांड्या पीकेएल के प्रचार में नजर आएंगे, जो कबड्डी और क्रिकेट को एक साथ जोड़ने वाले एथलेटिकिज्म, साहस और दृढ़ संकल्प के बीच समानताएं दर्शाते हैं। इस बार पीकेएल तीन शहरों के प्रारूप में लौटेगा। 2024 का संस्करण 18 अक्टूबर से 9 नवंबर तक हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुरू होगा। फिर यह दूसरे चरण के लिए नोएडा इंडोर स्टेडियम में जाएगा, जो 10 नवंबर से शुरू होकर 1 दिसंबर को समाप्त होगा। तीसरा चरण 3 दिसंबर से 24 दिसंबर तक पुणे के बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में शुरू होगा। पवन सेहरावत, प्रदीप नरवाल और फजल अत्राचली जैसे स्टार खिलाड़ियों के मैट पर हावी होने और सेलिब्रिटी और क्रिकेट प्रतिभाओं के मिश्रण के साथ लीग के पीछे अपना समर्थन देने के साथ, कबड्डी निश्चित रूप से कट्टर प्रशंसकों और नए दर्शकों दोनों का ध्यान आकर्षित करेगी।

# रूस के स्विडलर ने जेरूसलम मास्टर्स रैपिड शतरंज टूर्नामेंट जीता

एजेंसी, यरूशलम



रूसी ग्रैंडमास्टर पीटर स्विडलर ने बुधवार को संपन्न हुए यरूशलम मास्टर्स रैपिड शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। पश्चिमी यरूशलम के रमाडा होटल में आयोजित दो दिवसीय टूर्नामेंट में दस ग्रैंडमास्टर्स ने हिस्सा लिया, जिसमें दुनिया के पांच शीर्ष खिलाड़ी और पांच इजरायली राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी शामिल थे। उन्होंने राउंड-रॉबिन प्रारूप में प्रतिस्पर्धा की और प्रत्येक खिलाड़ी के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित किया गया। स्विडलर ने 6.5 अंक हासिल किए और 30,000 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार जीता। वह केवल एक मैच हारे, (आखिरी दौर में अपने हमवतन डेनियल डुबोव के खिलाफ), हालांकि उन्होंने पहले ही पहला स्थान हासिल कर लिया था। उज्बेकिस्तान में आयोजित पिछली रैपिड विश्व शतरंज चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर रहने वाले डुबोव ने इस बार डचमैन जॉर्डन वैन फॉरेस्ट के साथ दूसरा स्थान साझा किया।

# चेन्नइयन को मोहम्मडन एससी के खिलाफ घर पर खेलने का मिलेगा फायदा

एजेंसी, चेन्नई



चेन्नइयन एफसी की टीम आज शाम यहां जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में मोहम्मडन एससी के खिलाफ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में पहला घरेलू मुकाबला खेलेगी। मरीना माचांस ने सीजन के अपने शुरुआती अवे मैच में ओडिशा एफसी पर 3-2 से शानदार जीत दर्ज की, जबकि मोहम्मडन एससी ने एफसी गोवा के साथ 1-1 से ड्रा खेलकर आईएसएल में पहली बार अंक हासिल किया। चेन्नइयन एफसी घर वापसी से खुश होगी क्योंकि उसने घरेलू मैदान पर खेले गए पिछले सात मैचों में से पांच जीते हैं। सकारात्मक घरेलू प्रदर्शन ने पिछले सीजन में उसे प्लेऑफ पहुंचाया था। मोहम्मडन एससी आईएसएल में पहली बार अवे मैच खेलेगी। मोहम्मडन एससी ने अपने दूसरे आईएसएल मुकाबले में 18-यार्ड बॉक्स के अंदर से 15 शॉट लगाए। विपक्षी बॉक्स के अंदर आकर शॉट लगाने की ब्लैक पैंथर्स की प्रवृत्ति चेन्नइयन एफसी की डिफेंस को परेशान करेगी। स्कॉटिश हेड कोच ओवेन कॉयल के अनुसार चेन्नइयन एफसी जहां भी खेलें, उसका इरादा हर मुकाबले से पूरे तीन अंक हासिल करना है। उन्होंने कहा, "मैं जिस मानसिकता और एकाग्रता की बात करता हूं, उसे टीम बनाए रखती है। हमारे शुरुआती दस मैचों में से सात घर से बाहर हैं। इसलिए, चाहे घर हो या बाहर, हम जीत के लिए खेलते हैं।"

## व्यापार

# वित्त मंत्री सीतारमण ने उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति से की मुलाकात

एजेंसी, समरकंद/नई दिल्ली



केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को यहां उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव से मुलाकात की। केंद्रीय वित्त मंत्री ने मिर्जियोयेव को उप प्रधानमंत्री और व्यापार, निवेश एवं उद्योग मंत्री के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए हुई अत्यंत उपयोगी बैठक की जानकारी दी।वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि वित्त मंत्री ने समरकंद में एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं वार्षिक बैठक से इतर उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति से मुलाकात की। मुलाकात में उन्होंने सुझाव दिया कि भारत और उज्बेकिस्तान के बीच पर्यटन लगातार बढ़ रहा है। इसलिए फिनटेक में सहयोग तथा सीमा पार वास्तविक समय भुगतान प्रणाली पर द्विपक्षीय चर्चा से दोनों देशों के छात्रों, पर्यटकों और व्यवसायों को फायदा होगा।

मंत्रालय के मुताबिक सीतारमण ने मुलाकात के दौरान उन्हें जानकारी दी कि सतत विकास की दिशा में भारत उज्बेकिस्तान के प्रयासों की सराहना करता है। साथ ही दोनों देश हरित प्रौद्योगिकियों और जलवायु कार्रवाई पहलों पर सहयोग करने के तरीके तलाश सकते हैं। भारत के द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने की संभावना को स्वीकार करते हुए राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव ने सहयोग के पारंपरिक क्षेत्रों को मजबूत करने के अलावा डिजिटल प्रौद्योगिकियों तथा नवीकरणीय ऊर्जा जैसे नए क्षेत्रों में सहयोग करने के प्रस्तावों की सराहना की।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से राष्ट्रपति मिर्जियोयेव को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही अगस्त 2024 में आयोजित तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट में भाग लेने के लिए उज्बेकिस्तान को धन्यवाद दिया। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति मिर्जियोयेव ने मुलाकात के दौरान कहा कि भारत और उज्बेकिस्तान के बीच गहरा ऐतिहासिक संबंध है और द्विपक्षीय संबंधों को अधिक मजबूत करने के लिए उनके समर्थन का आश्वासन दिया।

# पितृपक्ष के बावजूद नए शिखर पर पहुंचा सोना, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी ऑल टाइम हाई पर गोल्ड

### इंटरनेशनल मार्केट में आई तेजी के कारण घरेलू बाजार में शिखर पर सोना

एजेंसी, नई दिल्ली



घरेलू सर्राफा बाजार में सोना ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। दिल्ली सर्राफा बाजार में आज पहली बार 24 कैरेट सोना 77,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया। हालांकि बाद में इसके भाव में कुछ करेक्शन जरूर हुआ, लेकिन इस तेजी की वजह से सोना मजबूती के नए शिखर पर पहुंचने में सफल रहा। सोने की कीमत में ये तेजी पितृपक्ष (श्राद्ध) के दौरान आई है, जब आमतौर पर सोने की खरीदारी कम हो जाती है और इस वजह से सोने के भाव भी कम हो जाते हैं। पितृ पक्ष खत्म होने के बाद नवरात्रि शुरू होते ही सोने की मांग में तेजी आ जाती है, जो धनतेरस और दीपावली तक तो चलती ही है, उसके बाद शादी के सीजन में भी सोने की मांग में तेजी बनी रहती है। लेकिन इस बार पितृपक्ष के दौरान ही सोने के भाव में आई जोरदार तेजी ने मार्केट एक्सपर्ट्स को हैरान कर दिया है। बुलियन मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का कहना है कि आमतौर पर पितृपक्ष के दौरान सर्राफा बाजार में सुस्ती बनी रहती है। लेकिन इस साल वैश्विक परिस्थितियों की वजह से सोने के भाव में जोरदार तेजी आई हुई है। साथ ही इंडस्ट्रियल डिमांड और सोने के सिक्के का निर्माण करने वाली कंपनियों द्वारा बाजार से खरीदारी करने की वजह से सोने की मांग में तेजी दिख रही है। हालांकि इस साल भी पितृपक्ष के दौरान ज्वेलरी सेगमेंट में पहले की तरह सुस्ती बनी हुई है, लेकिन औद्योगिक मांग और वैश्विक तेजी ने घरेलू सर्राफा बाजार में सोने को शिखर पर पहुंचा दिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में 24 कैरेट सोना 2,690 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर को पार कर गया है, जिसकी वजह से भारतीय बाजार में भी सोने की कीमत में लगातार तेजी बनी हुई है। मयंक मोहन के मुताबिक अभी तक जो संकेत मिल रहे हैं, उसके आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 3,200 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर को भी पार कर सकता है। सोने में तेजी आने की संभावना की वजह से फ्यूचर मार्केट में भी सोने की बोली बढ़-चढ़कर लग रही है। वायदा कारोबार में सोना 76 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच गया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में अक्टूबर डिलीवरी वाले सोने का कॉन्ट्रैक्ट 997 रुपये की उछाल के साथ 76 हजार रुपये के नए शिखर पर पहुंच गया है। इंटरनेशनल मार्केट की बात की जाए तो कॉमेक्स पर सोना 0.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,681.10 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# कच्चा तेल 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी, नई दिल्ली




अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव उछलकर 74 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 70 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने आज पेट्रोल और डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.17 डॉलर यानी 0.23 फीसदी की बढ़त के साथ 73.63 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) भी क्रूड 0.13 डॉलर यानी 0.19 फीसदी उछलकर 69.82 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये,डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

# मनबा फाइनेंस लिमिटेड का आईपीओ 215 गुना हुआ सब्सक्राइब

एजेंसी, नई दिल्ली

नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी मनबा फाइनेंस लिमिटेड के आरंभिक सावजनिक निर्गम (आईपीओ) को निवेशकों ने खूब भाव दिया है। ये आईपीओ निवेश के आखिरी दिन 215 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब हो गया। इस आईपीओ का साइज 151 करोड़ रुपये के करीब है, जबकि निवेशकों ने इसमें 22,593 करोड़ रुपये की बोली लगाई है। कंपनी के शेयर 30 सितंबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट होंगे। शेयर बाजार के बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक मनबा फाइनेंस लिमिटेड का आईपीओ अपने निवेशक के आखिरी दिन 25 सितंबर 2024 को ओवरआल 215 गुना सब्सक्राइब हुआ है। इस आईपीओ का साइज 150.8 करोड़ रुपये था, जबकि निवेशकों की ओर से कुल 22,593.26 करोड़ रुपये की बोली मिली है। इसमें 35 फीसदी कोटा खुदरा निवेशकों के लिए रिजर्व था, जो करीब 128.76 गुना भरा है। क्यूआईबी के लिए 50 फीसदी का कोटा था, जो 148.55 गुना भर गया है। वहीं, NII के लिए 15 फीसदी का कोटा रिजर्व था, जो अबतक 505.73 गुना भरा है।

# शेयर बाजार ने बनाया ऑलटाइम हाई का नया रिकॉर्ड, सेंसेक्स 125 अंक उछला

एजेंसी, नई दिल्ली



शेयर बाजार ने गुरुवार को लगातार सातवें दिन ऑलटाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया। हफ्ते के चौथे दिन कारोबार के दौरान बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स ने 85,318 और निफ्टी ने 26,051 के स्तर को छुआ। शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 125.13 अंक यानी 0.15 फीसदी की उछाल के साथ 85,295.00 पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 33.55 अंक यानी 0.13 फीसदी की तेजी के साथ 26,037.70 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 शेयर में तेजी और नौ शेयर में गिरावट है। वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 35 शेयर में तेजी और 15 शेयर में गिरावट है। एनएसई के सेक्टोरल इंडेक्स की यदि बात करें तो उसमें सबसे ज्यादा आईटी सेक्टर के शेयरों में तेजी है। इसके साथ ही एशियाई बाजार में तेजी है। जापान के निक्केई में 2.49 फीसदी और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 1.71 फीसदी की तेजी है। इसके अलावा चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स भी 0.58 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि शेयर बाजार एक दिन पहले लगातार छठवीं बार ऑलटाइम हाई पर बंद हुआ था। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 255.83 अंक की उछाल यानी 0.30 फीसदी की तेजी के साथ 85,169.87 पर बंद हुआ।

# जरूरतमंदों के बीच वितरण पौष्टिक आहार का वितरण

चाणक्य भूमि,बगहा



» किट लूटने की ग्रामीणों में मची होड

बगहा अनुमंडल अस्पताल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बीजेपी द्वारा सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच स्वास्थ्य किट का वितरण किया गया । बीजेपी के पोषण अभियान में पौष्टीक आहार कीट लूटने की होड़ मची रही, एक दूसरे से धक्का मुक्की करतीं कई महिलाएं नज़र आईं तो वहीं पुरुष कीट लूटने क़ो लेकर आपस में भिड़ गए । इस मौके पर केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे और बगहा सदर विधायक राम सिंह समेत दर्जनों बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहें । केंद्रीय मंत्री ने बताया की बीजेपी पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से हीं सेवा सप्ताह मना रही है। जिसके तहत बगहा समेत जिलाभर में 50 हजार से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसका लाभ 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों क़ो सीधा मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने अनुमंडलीय अस्पताल को पेपरलेस सर्विस में अव्वल स्थान मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा की यह बगहा के लिए गौरव का क्षण है । इस दौरान केंद्रीय मंत्री सतीश दूबे नें आरजेडीऔर कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा की कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जिसमें गाँधी परिवार से हीं देश के नेता का चयन होता है। उन्होंने कहा की सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के जेल जाने पर राबड़ी देवी क़ो बिहार का सीएम बनाया गया था, कांग्रेस औऱ परिवारवाद औऱ तुष्टिकरण की राजनीत करती है। कांग्रेस औऱ आरजेडी जैसा बीजेपी में होता तो आज ग़रीब का बेटा सतीश चंद्र दुबे केंद्र में मंत्री नहीं होता। उन्होंने वक्फ संसोधन बिल को देशहित में बताते हुए मोदी सरकार की जमकर तारीफ की ।

## अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई भवन की भूमि के बदलाव को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन



चा० भूमि, मझौलिया

» रामनगर बनकट में हुआ प्रदर्शन

**मझौलिया।** रामनगर बनकट पंचायत के वार्ड नंबर 8 स्थित छठ घाट परिसर में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई भवन के लिए चिह्नित भूमि को बदलने के लिए महिलाओं एवं लोगों ने प्रदर्शन किया।प्रदर्शन कर रहे महिलाओं एवं लोगों में सुरेंद्र राम,भूखल राम, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि विनय राम,राम लक्ष्मण राम,छठियां देवी,मालती देवी,मुस्मात विद्यापति देवी,जीउत राम,शंभू ठाकुर,मदन ठाकुर,उमाशंकर ठाकुर,नगर पासवान,किशोरी गिरी,अमर गिरी आदि ने बताया कि छठ घाट परिसर में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई भवन के निर्माण के लिए भूमि चिन्हित किया गया है। जबकि यहां पहले से श्मशान घाट एवं छठ घाट है।छठ घाट एवं श्मशान घाट के लिए भी यहां पर्याप्त भूमि नहीं है। इससे हम लोगों को काफी परेशानी होती रहती है।उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी से इस स्थान से हटकर खाली पड़े भूमि पर अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई भवन के निर्माण करने के लिए मांग की है।

## एसआईएस के जॉब कैम्प में 36 बेरोजगारों को मिली सुरक्षा गार्ड की नौकरी



चा ० भूमि, मझौलिया

**मझौलिया।** गुरुबार को सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड ने एक दिवसीय जॉब कैंप लगा कर 36 युवकों का चयन किया । कमांडेंट लक्ष्मी नारायण सिंह ने बताया कि अन्तर्विक्षा में 150 अभ्यर्थी शामिल हुए।सभी अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक मापदंड एवं लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। लिखित परीक्षा में सफल 36 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया । प्रशिक्षण के लिए एसआईएस ट्रेनिंग सेंटर गढ़वा भेजा जायेगा।सबो को सुरक्षा गाड्र्स में नौकरी दी जाएगी।






# शराब समेत तीन कारोबारी गिरफ्तार

चाणक्य भूमि,बगहा



» मोबाईल, ट्रैक्टर ट्रॉली और बालू लदा हुआ बरामद
» वाहन जांच के दौरान 1,20,000 रूपये का लगाया गया जुर्माना

**बगहा।** बगहा पुलिस जिला में विगत 24 घंटा में 03 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है,कुल-33 वारंट को निष्पादन किया गया है जिसमें जमानतीय 19 अजमानतीय 14 है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस रिलीज़ जारी करके दिया।उन्होंने बताया कि भैरोगंज थाना, भितहा थाना द्वारा शराब के काण्ड में 03 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही 31.2 लीटर अंग्रेजी शराब,01 मोटरसाईकिल बरामद किया गया हैं।वाल्मीकिनगर थाना द्वारा 10 लीटर चुलाई शराब बरामद किया गया।वही रामनगर थाना द्वारा एक ट्रैक्टर ट्रॉली बालू लदा हुआ जब्त किया गया।इस संबंध में रामनगर थाना द्वारा काण्ड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है एसपी ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया। जॉच के कम में यातायात थाना द्वारा-41,500, बगहा थाना द्वारा-26,000, धनहीं थाना द्वारा-21,000, रामनगर थाना द्वारा-17,000, पटखौली थाना द्वारा 8,000, चौतरवा थाना द्वारा-6,500 इस प्रकार कुल- 1,20,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया।वही एसपी,बगहा सुशांत कुमार सरोज के निर्देशानुसार बगहा पुलिस जिला के सभी थाना अंतर्गत वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा, आपराधिक घटना की रोकथाम, यातायात नियमों का पालन की दृष्टिकोण से बुधवार को पुलिस पदाधिकारी,कर्मियों के द्वारा वाहनों, बैंकों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की विधिवत जाँच की गई।

# नगर निगम के जन जन तक पहुंचाएं 'स्वच्छता ही सेवा का अभियान: गरिमा

चाणक्य भूमि, बेतिया

» उन्मुखीकरण कार्यशाला में दी गई सरकारी सामाजिक कल्याण के योजनाओं की जानकारी
» प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत,उज्ज्वला तथा जन धन जैसी योजनाओं का उठाएं लाभ-बेतिया मेयर

**बेतिया।** नगर विकास एवम आवास विभाग के निर्देश पर चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सफाई मित्रों के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। नगर निगम कार्यालय परिसर के सम्राट अशोक भवन में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन नगर निगम महापौर ने किया।सफाई मित्रों के उन्मुखीकरण कार्यशाला में गरीब कल्याणकारी तमाम सरकारी योजनाओं की संबंधित संभाग के प्रभारी पदाधिकारियों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। इससे पूर्व आयोजन का उद्घाटन करने के बाद महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि केंद्र और हमारी राज्य सरकार के द्वारा गरीब परिवारों के लिए सामाजिक कल्याण की अनेक उपयोगी योजनाएं संचालित हैं। जिनमें से अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी आज आपको विभिन्न योजनाओं के नोडल पदाधिकारी के द्वारा दी जाएगी। महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि आप सब में से अर्हता प्राप्त परिवार के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, पांच लाख तक मुफ्त इलाज वाली आयुष्मान भारत योजना, मुफ्त एलपीजी गैस सिलेंडर वाली उज्ज्वला तथा जन धन जैसी लाभकारी योजनाओं का अवश्य ही लाभ उठाना चाहिए। वही नगर आयुक्त शंभू कुमार ने कहा कि आप सभी सफाई कर्मी भाई बहनों के स्वास्थ्य सुरक्षा की भी नगर निगम प्रशासन को काफी चिंता है। आप और आप सबके परिजनों के लिए स्वास्थ शिविर भी आयोजित किए गए हैं। आगे भी दो अक्तूबर तक हम विभागीय निर्देश के आलोक में ऐसे कार्यक्रमों का लगातार आयोजन करते रहेंगे। निगम के कई कर्मचारियों को कबीर अंत्येष्टि योजना का लाभ भी दिया गया। मौके पर नगर आयुक्त शंभू कुमार, अप नगर आयुक्त गोपाल कुमार, उद्योग विभाग के पदाधिकारी, एलडीएम इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।






# मंडीहा गांव में चौकीदार की हत्या कर दफनाये शव का किया गया सफल उद्भेदन

चाणक्य भूमि गौनाहा



» शव की पहचान मटियरिया थाना में कार्यरत चौकीदार प्रभु राम की रूप में हुई

गौनाहा थाना अंतर्गत मंडीहा गांव के पूरब दिशा की ओर गन्ने के खेत में मटियारिया थाना के चौकीदार प्रभु राम का शव मिला I अमृत चौकीदार प्रभु राम का पुत्र मोहन राम का कहना है कि 22 सितंबर दिन रविवार को दोपहर 2:00 के लगभग घर से निकले थे उसके बाद घर पर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने छानबीन करना शुरू कर दिया तो पता चला कि चौकीदार प्रभु राम घर से वीरेंद्र उरांव के घर मंडीहा गए थेI मृतक के पुत्र मोहन राम ने मंडीहा निवासी वीरेंद्र उरांव से पूछताछ की तो उनको शक हुआ कि उनके पिता चौकीदार प्रभु राम की हत्या कर दी गई हैI 26 सितंबर दिन बृहस्पतिवार को प्रशासन के साथ मंडीहा पहुंचे तो, पुलिस द्वारा वीरेंद्र उरांव से पूछताछ करने पर वीरेंद्र उरांव ने अपने आप को हत्यारा साबित किया मौके वारदात पर प्रशासन मुस्तैयत हो कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया I हत्या करने वाला बीरेंद्र उरांव ने बताया कि दिनाँक 22 सीतम्बर 2024 के बारह बजे रात्रि में कुछ-कुछ समय के अंतराल में हमारे घर का दरवाजा खट-खटा रहा था। मैंने कई बार आवाज भी दी लेकिन मृतक प्रभु राम ग्राम सिरिसिया ने हमारी आवाज का कोई भी जवाब नही दी। और मै ने जंगली जानवर समझ कर रात्रि के अंधेरे में लोहे का सरिया पीछे से चला दिया जो मृतक के पीठ में घुस गया और इसकी मृत्यु हो गई है। मैं अंधेरे का लाभ उठाकर अपने घर से एक किलोमीटर पूरब सरेह में शव को दफना दिया हूँ। जो कि पुलिसियां दबाव में आकर मैं गौनाहा पुलिस को सच्चाई बता दिया हूँ। और जिस जगह पर शव दफनाया हूँ। उस जगह पर पुलिस और अंचलाधिकारी के साथ पुलिस को शव के पास पहुंचाकर दफनाए हुए शव को बता दिया हूँ। वही घटना स्थल पर गौनाहा थानाध्यक्ष विनोद कुमार, एस आई पार्वती कुमारी, एस आई सुदामा कुमार, पीएस आई, मटियारिया थाना दल के साथ मनीष कुमार पीटीसी और गौनाहा अंचलाधिकारी विवेक कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंचकर एफ एस एल को सूचना दे दिए हैं। वही घटना को लेकर आपसी विवाद भी बताया जा रहा है। तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है I

## जिला स्तरीय वालीबॉल टीम में हाई स्कूल मैनाटाड़ के चार छात्र चयनित



चा० भूमि मैनाटाड़

सूबे के भोजपुर के आरा में हो रहे राज्य स्तरीय वालीबॉल बालक अंडर 17 प्रतियोगिता में हाई स्कूल मैनाटाड़ के चार छात्र भी पश्चिम चंपारण की टीम में खेल रहे हैं।हाई स्कूल मैनाटाड़ के खेल शिक्षक चौधरी और लिपिक विनोद कुमार ने बताया कि इसबार आरा में हो रहे वॉलीबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पश्चिम चंपारण की जो टीम है उसमें चार छात्र हाई स्कूल मैनाटाड़ के भी अपने खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। चार छात्र जिसमें विकास कुमार, आसिफ अली, मोहम्मद जुनैद और ओमकार कुमार शामिल ।है अभी तक पश्चिम चंपारण की टीम ने सीतामढ़ी को शिकस्त देकर अपना तीसरा मैच जीत लिया है। हाई स्कूल मैनाटाड़ के चार छात्रों के वॉलीबॉल में उम्दा प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में काफी खुशी है।










# मझौलिया में बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त





चा० भूमि, मझौलिया

» चाणक्य भूमि का खबर का असर
» दो ट्रैक्टर पर 73 हजार का अर्थ दंड

**मझौलिया।** बिगत 19 सितंबर के चाणक्य भूमि के अंक में प्रकाशित खबर मझौलिया में बालू की अबैध बिक्री पर पुलिस प्रशासन ने संज्ञान लिया है। नानोसती मुख्य सड़क में आईटीआई सतभिडवा के समीप खनन विभाग व परिवहन के टीम ने संयुक्त छापेमारी कर गुरुवार को बालू लदा दो ट्रॉली व ट्रैक्टर को जप्त किया।नतीजतन बालू की तस्करी करने वाले ट्राली ट्रैक्टर संचालकों में हड़कंप मच है।खनन निरीक्षक चौधरी सूर्यमणि कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की नानोसती मझौलिया सड़क में आईटीआई के समीप अवैध बालू का बिक्री किया जा रहा है।जिले के सभी घाटों पर बालू का खनन पर रोक लगाया गया है।तस्कर चोरी छिपे बालू का खनन कर ट्रैक्टर ट्रॉली पर लोड कर बेच रहे हैं। खनन अधिनियम के तहत ट्रैक्टर संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दोनों ट्राली ट्रैक्टर पर 40 हजार का आर्थिक दंड लगाया है।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714